* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 319

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन : हेमंत
















झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए सरकार का प्रयास

देश में पहली बार हेमन्त सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण हेतु लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय

₹5 लाख
तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के सभी सदस्यों को राज्य सरकार एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रदान करेगी

₹14,000
हुई पेंशन की राशि
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से सदस्यों को ₹7,000 पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार इस फंड में राज्यांश से अतिरिक्त ₹7,000 देगी, इस तरह अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु पेंशन की राशि ₹7,000 से बढ़ कर ₹14,000 हुई

₹5,000
हुई स्टाइपेंड राशि
नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि प्रतिमाह (पहले तीन वर्ष तक) मिलने वाली राशि ₹1,000 को बढ़ाकर ₹5,000 किया गया, इसमें 50% राशि राज्य सरकार वहन करेगी

अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर सभी अधिवक्ताओं से आग्रह है कि वे एडवोकेट वेलफेयर फंड के सदस्य बनें और लाभ उठाएं

P.R. 335102 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार







# दलों की अग्निपरीक्षा लेंगी पलामू प्रमंडल की नौ विधानसभा सीटें

## ■ झामुमो-कांग्रेस के साथ भाजपा के लिए भी आसान नहीं होगा रण

## ■ विकास और पिछड़ेपन के साथ-साथ राजनीतिक मुद्दों का भी होगा टेस्ट

## ■ सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे से ही शुरू हो जायेगा चुनावी झकझूमर

**झारखंड के सबसे पिछड़े इलाकों में शुमार पलामू प्रमंडल का राजनीतिक परिदृश्य हमेशा पूरे उफान पर रहता है। झारखंड का 'बिहार' कहा जानेवाला पलामू प्रमंडल भले ही पिछड़ेपन की पीड़ा झेल रहा है, लेकिन यहां के लोगों का राजनीतिक चिंतन और विमर्श हमेशा से पहली कतार का रहा है। यही कारण है कि इस प्रमंडल की मिट्टी में पैदा होकर कई लोग देश और प्रदेश स्तर के नेता बने और झारखंड की दशा-दिशा को भी पलामू की धरती से ताकत मिली। यह अलग बात है कि यहां पैदा हुए लोगों ने अपनी माटी का कर्ज चुकाने, यानी पलामू के विकास पर कभी समुचित ध्यान नहीं दिया। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। पलामू के लोग अब अपनी इस पीड़ा को खुल कर बताते हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे मजबूत हथियार, यानी वोट से इसे समय-समय पर व्यक्त भी करते हैं। पलामू के लोगों की राजनीतिक जागरूकता का ही प्रमाण है कि यहां कभी किसी एक दल का वर्चस्व बहुत दिनों तक कायम नहीं हुआ। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, पलामू में न तो मुद्दों की कमी होती है और न प्रत्याशियों की। इसलिए पलामू प्रमंडल को झारखंड की राजनीति का केंद्रबिंदु भी माना जा सकता है। इन परिस्थितियों में इस बार का विधानसभा चुनाव भी यहां बेहद रोचक होनेवाला है, क्योंकि पलामू के लोग हर राजनीतिक दल को उसके कामकाज और प्रदर्शन की कसौटी पर कसने के लिए तैयार हैं। इतना ही नहीं, पलामू में इस बार सीट शेयरिंग से लेकर टिकट बंटवारे तक में खूब झकझूमर देखने को मिलेगा। पलामू प्रमंडल की नौ सीटों में से पांच पर भाजपा का कब्जा है, तो दो पर झामुमो और एक-एक पर कांग्रेस और एनसीपी का। इस बार क्या है इन सीटों का माहौल और कौन हैं दावेदार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पलामू का नाम सुनते ही ऐसे इलाके की तस्वीर उभरती है, जिसके माथे पर आजादी के 78 साल बाद भी पिछड़ेपन का कलंक चस्पां है और जहां विकास नाम की चीज कहीं खो गयी है। 1 जनवरी, 1892 को अस्तित्व में आये पलामू की विडंबना है कि इस इलाके को जहां प्रकृति की उपेक्षा का दंश झेलना पड़ता है, वहीं मानवीय उपेक्षा की पीड़ा भी इसके सीने में कहीं अधिक गहरी है। करीब 20 लाख की आबादी और तीन जिलों, मेदिनीनगर, गढ़वा तथा लातेहार को मिला कर बनाये गये पलामू प्रमंडल की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां की प्रति व्यक्ति आय झारखंड के औसत के मुकाबले करीब नौ हजार रुपये कम है। झारखंड की प्रति व्यक्ति आय जहां 63 हजार 754 रुपये प्रति वर्ष है, वहीं पलामू में यह 54 हजार 883 रुपये है। अपनी गोद में 970 किस्म की वनस्पतियों को समेटनेवाली पलामू की धरती आज भी विकास के लिए तरस रही है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि जहां झारखंड के महत्वपूर्ण जिले रांची से सीधे फोर लेन या अच्छी सड़कों से जुड़ चुके हैं, वहीं रांची से पलामू जाते हुए आपको खासकर कुडू से डालटनगंज हिचकोले खाने पड़ेंगे।

पलामू के पिछड़ेपन का आलम यह है कि कृषि प्रधान इलाका होने के बावजूद यहां आज तक किसी ने भी सिंचाई और दूसरी आधारभूत सुविधाओं की तरफ ध्यान नहीं दिया। वर्षों के इंतजार और अरबों के खर्च के बावजूद आज भी पलामू के किसान अपने खेतों में कनहर के पानी का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारी साल दर साल प्रोजेक्ट को बड़ा कर रहे हैं, पैसे की बर्बादी हो रही है, लेकिन धरातल पर काम नहीं दिखता। अब तो हाइकोर्ट तक ने सरकार से पूछ दिया है कि आखिर पलामू के खेतों को कनहर का पानी कब मिलेगा। कनहर की लड़ाई में हेमेंद्र प्रताप देहाती ने अपनी जीवन खपा दिया, लेकिन खेतों को कनहर का पानी नहीं ही मिला। यहां सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर या तो केवल वोट बटोरे गये या फिर राजनीतिक रोटियां सेकी गयीं। मंडल और कनहर डैम जैसी बड़ी सिंचाई परियोजनाएं कब पूरी होंगी, इसका कोई अंदाजा किसी को नहीं है। बटाने, अन्नराज और अमानत की सिंचाई परियोजनाएं रुक-रुक कर चल रही हैं। इलाके से होकर गुजरनेवाले एनएच 75 की हालत यह है कि इसका अस्तित्व ही गायब हो गया है। बिजली के लिए पलामू के लोगों को आज भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

जहां तक पलामू में औद्योगिक विकास और शिक्षा व्यवस्था का सवाल है, तो इन दोनों मोर्चों पर भी यहां की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। पलामू में किसी भी सरकार ने कोई उद्योग स्थापित करने का कभी प्रयास नहीं किया। जपला का सीमेंट कारखाना इसी उपेक्षा के कारण दम तोड़ चुका है। रेहला स्थित निजी क्षेत्र की केमिकल फैक्टरी ही पलामू की औद्योगिक गतिविधि का केंद्र है।




शिक्षा के क्षेत्र में भी पलामू की कमोबेश यही स्थिति है। एक विश्वविद्यालय की स्थापना जरूर की गयी है, लेकिन यहां आधारभूत संरचनाओं की भारी कमी है। हाल के दिनों में एक मेडिकल कॉलेज भी खोला गया है, लेकिन वहां भी कमियों का अंबार लगा है। निजी क्षेत्र का एक इंजीनियरिंग कॉलेज जरूर काम कर रहा है। वहीं निजी मेडिकल कॉलेज अपनी तरफ से प्रयास कर रहे हैं। सड़क और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव में यहां का जनजीवन आज भी प्राचीन काल जैसा ही है। यह तल्ख सच्चाई है कि पलामू का जनजीवन खासकर ग्रामीण इलाकों में आज भी रात आठ बजे के बाद अपने घरों में कैद हो जाता है। रात आठ बजे के बाद एक तरह से पब्लिक परिवहन बंद हो जाता है। हां, रात के अंधेरे में अवैध बालू और अवैध कोयला ढोनेवाले वाहन फर्राटे से चलते हैं।

### राजनीतिक रूप से जागरूक

पिछड़ेपन का धब्बा अपने माथे पर लिये पलामू प्रमंडल राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और जागरूक है। यहां के लोगों की राजनीतिक चेतना का प्रमाण यही है कि पलामू आज तक किसी राजनीतिक दल या विचारधारा का गढ़ नहीं बना है।

यहां से चुने जानेवाले लोग हमेशा काम की कसौटी पर कसे जाते रहे हैं और यह सिलसिला लोकसभा चुनाव से लेकर पंचायत स्तर तक के चुनाव में जारी रहता है। इसलिए पलामू को कोई भी दल या प्रत्याशी हलके में लेने की भूल नहीं करता है।

### क्या है पलामू का राजनीतिक परिदृश्य

पलामू की राजनीति में धुरंधर माने जानेवाले नेताओं के राजनीतिक रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे हैं। पलामू हमेशा से राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और जागरूक रहा है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से पलामू के राजनीतिक मैदान का स्वरूप पूरी तरह से बदल गया है। कोयल और सोन में बहुत पानी बह चुका है। पुराने स्थापित नेताओं की सक्रियता कम हुई है, तो नये चेहरों ने उस खालीपन को भरा है। पूरे देश की तरह यहां की राजनीति में भी आक्रामकता का बोलबाला बढ़ा है। झारखंड में सत्ता की राजनीति में जबदस्त दखल रखने वाले पलामू प्रमंडल में विधानसभा की नौ सीटें हैं। इनमें डालटनगंज, विश्रामपुर, छत्तरपुर, भवनाथपुर और पांकी सीट पर भाजपा का कब्जा है, जबकि गढ़वा और लातेहार पर झामुमो का कब्जा है। मनिका सीट कांग्रेस के पास है, तो हुसैनाबाद एनसीपी के पास।

### क्या है विधानसभा चुनाव का परिदृश्य

पलामू प्रमंडल की नौ विधानसभा सीटों को लेकर चुनावी समीकरण की तसवीर हालांकि पूरी तरह साफ होने में अभी समय लगेगा, लेकिन इतना तय है कि इस बार का मुकाबला किसी भी दल या प्रत्याशी के लिए आसान नहीं होगा। चुनाव मैदान में उतरनेवाले संभावित चेहरों का क्षेत्र की जनता आकलन करने में लगी है। हर सीट पर वोटों की छीना-झपटी को लेकर दलों और उम्मीदवारों के बीच झकझूमर शुरू है। हर विधानासभा क्षेत्र में अपने-अपने तरीके से जनसंपर्क शुरू हो गया है।

### भाजपा सभी सीटों पर मैदान में

भाजपा प्रमंडल की सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसलिए उसमें सीट शेयरिंग का कोई खास झंझट नहीं है। केवल हुसैनाबाद सीट पर पेंच फंस सकता है, जो अभी एनसीपी के पास है। यहां से भाजपा के कई दावेदार सामने आ चुके हैं। लेकिन सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद के बीच सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंस रहा है। पलामू जिले की तीन सीटों पर दावेदारी को लेकर इंडिया ब्लॉक के अंदर घमासान मचा हुआ है। झामुमो, राजद और कांग्रेस के कई दिग्गज यहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं। सभी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। डाल्टनगंज, पांकी और विश्रामपुर सीट से कांग्रेस चुनाव लड़ती है, जबकि गठबंधन के तहत राष्ट्रीय जनता दल हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ता रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भी कई बार यहां से चुनाव लड़ चुका है। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल हुसैनाबाद और विश्रामपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा डाल्टनगंज और हुसैनाबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने पर अड़ा है। इससे इंडिया ब्लॉक के अंदर खींचतान मची हुई है।

### सब कुछ देख-सुन रही है जनता

राजनीति के अंदरखाने चल रही रस्साकशी को पलामू की जनता बड़े गौर से देख-सुन रही है। पूरे प्रमंडल में अभी से ही यह चर्चा होने लगी है कि इस बार भी वोट का आधार नाम नहीं, काम को ही बनाया जायेगा। ऐसे में पलामू प्रमंडल के दो मंत्रियों, मिथिलेश ठाकुर (गढ़वा) और बैजनाथ राम (लातेहार) को उनके काम की कसौटी पर कसा जायेगा, जबकि भाजपा के पांच विधायकों, आलोक चौरसिया (डाल्टनगंज), शशिभूषण मेहता (पांकी), रामचंद्र चंद्रवंशी (विश्रामपुर), भानुप्रताप शाही (भवनाथपुर) और पुष्पा देवी (छतरपुर) के सामने अपनी उपलब्धियां गिनाने की चुनौती है। कांग्रेस के रामचंद्र सिंह (मनिका) और एनसीपी के कमलेश सिंह (हुसैनाबाद) भी जनता के सामने अपना पक्ष कैसे रखते हैं, यह देखनेवाली बात होगी।

---

# कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे का पिपरवार दौरा

## 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** शनिवार को कोयला एवं खान राज्यमंत्री (भारत सरकार) सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल, रांची का दौरा किया। रांची आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरे में मंत्री ने सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मंत्री ने सीसीएल के कार्य-कलापों का जायजा लिया। इसमें सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह एवं निदेशक भी उपस्थित थे। मंत्री ने सीसीएल के उत्पादन, प्रेषण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की तथा उचित दिशा निर्देश दिये। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोयले के उत्पादन एवं प्रेषण में और बढ़ोतरी करने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने सीसीएल के साथ-साथ सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। इसके बाद श्री दुबे ने सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने सीसीएल की महत्वाकांक्षी परियोजना-20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री स्थानीय अधिकारियों एवं हितधारकों से मिले। उन्होंने हितधारकों के समुचित विकास के लिए उचित और बहुमूल्य दिशा निर्देश भी दिये।



# जोबा माझी ने मनोहरपुर में गणेश पूजा पंडाल और मेले का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर / मनोहरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिले का प्रसिद्ध गणेश पूजा पंडाल एवं मेले का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद जोबा माझी ने फीता काट कर किया। इससे पूर्व मनोहरपुर पहुंचने पर सांसद एवं झामुमो के युवा नेता जगत माझी का पूजा समिति एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। मालूम हो कि पूजा एवं मेला 18 सितंबर तक चलेगा। मौके पर पूजा समिति के संरक्षक सह जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने गणेश पूजा समिति के 25 वर्ष के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए मनोहरपुर वासियों को बधाई दी। वहीं सांसद जोबा माझी ने रजत जयंती के मौके पर समिति और क्षेत्र के लोगों को बधाई दी तथा गणेश पूजा का त्योहार आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

# विवादित जमीन के 1.20 करोड़ रुपये पहुंचे पाकिस्तान, लोगों ने डीसी से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** एलसी रोड की विवादित जमीन की जांच का जिम्मा उपायुक्त हेमंत सती ने सदर एसडीओ को सौंप दिया है। डीसी ने एसडीओ को यह आदेश दिया है कि वह एक माह के अंदर दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर रिपोर्ट सौंपें। दरअसल साहिबगंज के कुछ स्थानीय लोगों ने कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंच कर आवेदन देकर जमीन माफिया द्वारा जमीन हड़पने का जो आरोप लगाया है, उस आवेदन में जमीन की राशि एक करोड़ 20 लाख रुपये पाकिस्तान में एक रिश्तेदार के पास भेजने की बात सामने आयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गंभीर मामला है कि आखिर इतनी मोटी रकम कैसे और किस माध्यम से पाकिस्तान पहुंची। इसे लेकर लोगों ने जांच की मांग की है।

**कौन है एलसी रोड की प्रो मुसर्रत तहसीन :** संध्या कालेज के उर्दू विषय की पूर्व प्रोफेसर स्व मुसर्रत जहां उर्फ रिजवान की मृत्यु 29 जनवरी 2021 हो गयी। पति की मौत इसके पहले ही हो गयी थी। दोनों दंपति निःसंतान थे। इनके रिश्तेदार कुछ पाकिस्तान तो कुछ बांग्लादेश में जाकर बस गये। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शिक्षिका की मौत पर भी वे लोग नहीं पहुंचे थे। शिक्षिका का एलसी रोड पर एक मकान है, जिसे लेकर यह विवाद छिड़ा हुआ है।




### क्या है शत्रु संपत्ति अधिनियम

**शिकायत पत्र में लिखा गया कि शत्रु संपत्ति अधिनियम 2017, 2018 में कानून पास हुआ। इसमें लिखा है कि जिनके पूर्वज पाकिस्तान या बंगालदेश में रह रहे हैं, यदि वे जमीन के वारिस नहीं हैं, तो जमीन और उस पर बने मकान का अधिग्रहण प्रशासन कर सकता है। वैसे भी यह जमीन खासमहल के अंतर्गत आती है, जिसकी खरीद-बिक्री उपायुक्त के आदेश के बगैर नहीं हो सकती है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार ने बताया कि जमीन से जुड़ा एक मामला संज्ञान में आया है। उपायुक्त ने एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट तैयार करके मांगी है। दोनों पक्षों को बुला कर कोर्ट में जांच की जायेगी। इसके बाद जो दोषी पाये जायेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई निश्चित रूप से होगी। साथ ही जमीन की राशि किस माध्यम से पाकिस्तान पहुंची, उस बिंदु पर भी जांच की जायेगी।**

www.epaper.azadsipahi.in

08 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 319

आइटीइआर में आयोजित 24 ऑवर हैकरवार 5.0 में 95 टीमों ने भाग लिया







### झारखंड को प्रधानमंत्री दो वंदे भारत ट्रेन की देंगे सौगात

# रांची से दुमका का सफर चार घंटे में

- जमशेदपुर से नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को दिखायेंगे हरी झंडी
- बैद्यनाथ धाम-काशी विश्वनाथ वंदे भारत ट्रेन भी होगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात देने जा रहे हैं। इसमें एक ट्रेन रांची से दुमका की शुरुआत होगी। इससे रांची से दुमका का सफर चार घंटे में पूरा हो सकेगा। वहीं, बाबा बैद्यनाथ और काशी विश्वनाथ आपस में जुड़ जायेंगे। बाबा विश्वनाथ के दर से लोग सीधे बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकिनाथ के दर्शन करने ट्रेन से आ सकेंगे। प्रधानमंत्री जमशेदपुर से 15 सितंबर को बैद्यनाथधाम-काशी विश्वनाथ और दुमका-रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने दोनों वंदे भारत ट्रेन की मंजूरी दी है।




**न्यू गिरिडीह स्टेशन होकर चलेगी दुमका-रांची वंदेभारत**

प्रस्तावित दुमका-रांची वंदे भारत ट्रेन देवघर व मधुपुर से न्यू गिरिडीह स्टेशन होते हुए जमुआ, राजधनवार, कोडरमा, बरही व हजारीबाग होते हुए रांची जायेगी। इस ट्रेन की समय सारणी भी जल्द जारी हो जायेगी। इस ट्रेन के साथ जसीडीह से होकर गुजरने वाली तीसरी वंदे भारत ट्रेन हो जायेगी।

**बैद्यनाथधाम-काशी विश्वनाथ ट्रेन का रूट व समयः** रेलवे ने अधिकारिक रूप से अभी समय सारिणी जारी नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक वंदे भारत ट्रेन बैद्यनाथधाम स्टेशन से खुलेगी और गया होते हुए वाराणसी तक जायेगी। वंदे भारत दोपहर 3:15 बजे बैद्यनाथधाम स्टेशन से खुलेगी और जसीडीह, झाझा, नवादा, गया से दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन होते हुए रात 10:20 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। वहीं, वाराणसी से यह ट्रेन सुबह 6:20 बजे खुलेगी और सुबह 9:10 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। दोपहर 13:30 बजे बैद्यनाथधाम स्टेशन पहुंच जायेगी।

**भागलपुर-हावड़ा वाया हंसडीहा वंदे भारत का सांसद ने दिया प्रस्ताव :** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2 सितंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भागलपुर-हावड़ा वाया हंसडीहा व दुमका वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का प्रस्ताव दिया है। सांसद डॉ दुबे ने रेल मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि दुमका झारखंड की उपराजधानी है. नोनीहाट संताल परगना का पारंपरिक राजधानी रह चुका है।

# झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन : हेमंत

### सहायक पुलिस कर्मियों ने सीएम का जताया आभार



**मुख्यमंत्री हेमंत सारेन ने कहा, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है राज्य सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड ऐसा राज्य है, जहां अधिवक्ताओं को पेंशन देने की व्यवस्था की गयी है। वह शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से आये सहायक पुलिस कर्मियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सहायका पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष सहायक पुलिसकर्मियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को स्वीकृति दिये जाने का निर्णय सराहनीय पहल है। सहायक पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में सभी को उनका हक-अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री जी हम सभी की ओर आपका आभार और धन्यवाद!

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक पुलिस कर्मियों से कहा कि आने वाले दिनों में सहायक पुलिस कर्मियों के लिए उनकी सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगी।

(शेष पेज 04 पर)




## मजदूर नेता राणा संग्राम सिंह का निधन



**रांची (आजाद सिपाही)।** एचइसी के सबसे बुजुर्ग मजदूर नेता और इंटक के जाने-माने राष्ट्रीय वरीय सचिव राणा संग्राम सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष के थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राणा संग्राम सिंह के पार्थिव शरीर को पारस अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को धुर्वा स्थित सिठियो मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे होगा। यूनियन लीडर के धुर्वा स्थित आवास से मुक्तिधाम तक सुबह 10 बजे शवयात्रा निकाली जायेगी।












आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## पेज 01 का शेष

### झारखंड देश का पहला राज्य...

राज्य सरकार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजनों की परेशानियों का समाधान करने में जुटी है। सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी वर्ग-समुदायों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन मिलेगा। हमारी सरकार राज्यहित से जुड़े कार्य निरंतर कार्य कर रही है। आमजनों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोगों का हुजूम ढोल-नगाड़ा लेकर मुख्यमंत्री आवास जश्न मनाने पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार के पदाधिकारी आमजनों के घरों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विभिन्न जिलों से आये सहायक पुलिस कर्मियों में विवेकानंद प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार, उज्जवल कुमार, सोनाली हेंब्रम, मगडाल बागे, शांति मुंडा, उमेश मुंडारी, राजेंद्र हांसदा, शाहदेव भगत, सावन मुंडा, स्मिता कुमारी, देवकी बालमुचू, पवन लीला किस्कू, रविंद्र साहू सहित अन्य सहायक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सरायकेला-खरसावां जिला की विस्तारित बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को सरायकेला-खरसावां जिला की विस्तारित बैठक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी, नगर समिति के सभी पदाधिकारी, प्रखंड समिति के अध्यक्ष एवं सचिव, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होकर अपनी बात रखी। बैठक में मुख्य रूप से सांगठनिक विषयों पर चर्चा के साथ आसन्न विधानसभा आम चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गयी। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली पूंजी है, कार्यकर्ता ही नेता बनाते हैं। इस बैठक में पार्टी की केंद्रीय उपाध्यक्ष सविता महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव गणेश चौधरी, सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, जिला सचिव बुद्धेश्वर मरांडी सहित नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

# रांची में आयोजित 'दिव्य कला मेले' में दिखी 'दिव्य कला शक्ति'

- दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा को देख लोग हुए मंत्रमुग्ध
- रक्षा राज्य मंत्री ने की दिव्यांग कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम दिव्य कला शक्ति का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, सीएमडी, एनडीएफडीसी नवीन शाह, शशिप्रकाश झा, निदेशक, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, झारखंड, सीईओ, झारखंड राज्य सहकारी बैंक बृजेश्वर नाथ, निदेशक, सीआरसी तथा एनडीएफडीसी, नयी दिल्ली के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजधानी रांची में चल रहे 11 दिवसीय दिव्य कला मेला के दसवें दिन में 'दिव्य कला शक्ति' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे छह राज्यों के लगभग 60 कलाकारों ने इसमें प्रस्तुति दी। आज के कार्यक्रम में उपरोक्त सभी क्षेत्रों के लोक और क्षेत्रीय नृत्य रूपों का एक अनूठा संयोजन परिलक्षित हुआ। इसका आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत कार्यरत निगम एनडीएफडीसी, नयी दिल्ली, सीआरसी-रांची तथा एसवीनिरतार, कटक के माध्यम से किया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कोरियोग्राफर के साथ उनके पूर्वाभ्यास और अभ्यास सत्र की व्यवस्था की।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की और दिव्यांगजनों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर होते रहेंगे। उन्होंने सभी समूहों के प्रदर्शन की भी सराहना की। सीएमडी, एनडीएफडीसी नवीन शाह ने सभी गणमान्य लोगों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। झारखंड सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग के निदेशक शशिप्रकाश झा ने दिव्यांगजनों को प्रेरित किया और उनसे आग्रह किया कि वे अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानें और खेल हो या तकनीकी शिक्षा आदि हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि वे रांची को एक सुंदर, स्वच्छ और दिव्यांगजन के लिए सुगम्य शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिव्य कला मेला का समापन रविवार को होगा। मेले के समापन के मद्देनजर दिव्यांग दुकानदारों द्वारा सभी सामानों पर छूट दी जा रही है। इस मेले में बच्चों के लिए फ्री खेलकूद की व्यवस्था तथा विभिन्न लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाये गये हैं।

# सीएम हेमंत से मिले केंद्रीय सरना समिति के सदस्य, करमा पूजा का दिया निमंत्रण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने 14 सितंबर को रांची के हरमू स्थित अखड़ा में करमा पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मिलनेवालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, उपाध्यक्ष हेमंत गाड़ी, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो, हरमू सरना समिति के अध्यक्ष विक्की कच्छप, केंद्रीय सदस्य लक्ष्मण तिर्की एवं समिति के सदस्य आश्रिती कच्छप, निशि कच्छप, रिमीन कच्छप, अर्शिता उरांव, कोमल उरांव, संजय उरांव, अनमोल खलखो, जयश्री उरांव, प्रवीण उरांव आदि शामिल थे।

# सीएम को दिया ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस-ए-उर्स में शामिल होने का न्योता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद महुआ माजी की अध्यक्षता में काजी इमारत-ए-शरिया मुफ्ती अनवर कासमी साहब, नाजिम इदारा-ए-शरिया मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी साहब, जमीअत उलेमा-ए-झारखंड के महासचिव मौलाना असगर मिसबाही साहब, मजलिस उलेमा-ए- झारखंड के महासचिव मुफ़्ती मोहम्मद ताल्हा नदवी ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अल्पसंख्यकों के सामाजिक विकास से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया एवं 16 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस-ए-उर्स में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर हाजी फिरोज, मोहम्मद असलम, अय्यूब राजा खान, अनवर आलम, नदीम इकबाल, अजहर अहमद खान भी मौजूद रहे।

## श्री दुर्गा पूजा समिति का खूंटी पूजन संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के अंतर्गत श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल निर्माण के कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। खुंटी पूजन शनिवार को किया गया, जिसमें मंदिर के पुरोहित सुभाष चंद्र मिश्रा और पुजारी मुकेश सिंह ने विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस अवसर पर श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष शंकर दुबे, कार्यकरणी अध्यक्ष दीपू सिंह, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) और समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान, 2024-2025 के लिए श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्री उमंग सुल्तानिया और कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गयी और पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। श्री चेती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने कहा कि श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की गरिमा को बड़ाते हुए आयोजन को सफल बनाएं। इस खुंटी पूजन में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, सत्यनारायण सिंह, नन्द किशोर सिंह चंदेल, सुजीत सिंह, किशोर साहू, उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, उमंग सुल्तानिया, राहुल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# सरला बिरला विवि में इंडक्शन कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में नये सत्र के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को इस अवसर पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक सबसे सम्मानित व्यक्ति होते हैं, क्योंकि उनके ऊपर समाज की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने छात्रों को ज्ञान और चरित्र के महत्व के विषय में समझाया और उन्हें ईमानदारी से शिक्षा ग्रहण करने की सीख दी। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति एसके डांडीन ने एनईपी 2020 की चर्चा करते हुए छात्रों को अपनी रुचि के अनुरूप विषयों का चुनाव करने की सलाह दी। कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और छात्रों के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दी।

# प्रदीप कुमार को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदीप कुमार तेतरी एवं डुमरी मौजा में काफी दिनों से ठगी में सक्रिय था। यह व्यक्ति रमानंदन प्रसाद के नाम से फर्जी जमीन का कागजात, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बना कर लोगों को ठग रहा था । मदन सिंह, प्रकाश नायक समेत कई लोगों से फर्जी डीड दिखा कर लाखों रुपया ठग लिया।

## कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में गणेश पूजा का भव्य आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर गणेश पूजा समिति द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 में गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार को गणेश बप्पा की पूजा के साथ किया गया। समिति के अध्यक्ष गुड्डू सोनी ने बताया कि 7 सितंबर से तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान भव्य भंडारा, विशेष भोग और विसर्जन शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि आज भव्य भंडारा किया जायेगा, 9 सितंबर को विशेष भोग का आयोजन किया जायेगा और 10 सितंबर को विसर्जन शोभायात्रा संध्या 4:00 बजे धूमधाम से निकल जायेगी। इस अवसर पर समिति के सदस्य संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, अरविंद मंडल, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान, नवीन सिंह, गुड्डू सोनी, रोहित सिंह और अन्य उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंडल, रांची के 57वें श्री श्याम महोत्सव का तीसरा दिन

# अब लेना देना क्या इस जहान से, दिल लगा खाटू वाले श्याम से...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के 57वें श्री श्याम महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में महोत्सव का मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर की अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का दिव्य शीश का मनोहरी श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं वीर बजरंगबली का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी द्वारा गणेश पूजन किया। तत्पश्चात मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने आगंतुक भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका प्रेम पुष्प का विमोचन संघ के वरिष्ठ प्रचारक गुरुशरण प्रसाद द्वारा किया गया। रात्रि 10 बजे मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने श्री श्याम प्रभु की अष्ठ प्रहर की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की। ज्योत प्रज्वलित होते ही मंदिर में उपस्थित भक्त हर्ष से श्री श्याम प्रभु का जय जयकार कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जयपुर से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक चैतन्य दाधीच ने एक से बढ़ कर एक भजन पर भक्तगण को झूमने पर विवश कर दिया। उन्होंने पूरे मंदिर परिसर को श्याम मय बना दिया। साकेत बैरोलिया द्वारा गाए हुए भजन कीर्तन की है रात बाबा आज थान आणो है... दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से... निजर उतारा बाबा की... म्हाने प्यारो प्यारो लागे है श्रृंगार सांवरे को... अब लेना देना क्या मुझे इस जहां से श्याम का रंग चढ़ गया... इत्यादि भजनों की लय उपस्थित श्याम प्रेमियों को खूब भाया। साथ ही धनबाद के मनोज सैन ने भी भजनों की संपूर्ण रात्रि अमृत वर्षा की। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा, छप्पन भोग, विभिन्न प्रकार के फल - मेवा एवं रबड़ी तथा केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में मंडल के धीरज बंका, मनोज सिंघानिया, गोपी किशन ढांढनियां, प्रियांश पोद्दार, विकाश पढ़िया, राकेश सारस्वत, गोविंद सारस्वत, अमित जलान, बालकिशन परसरामपुरिया और सुदर्शन चितलांगिया का सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्टार इंटरनेशनल स्कूल में रेसिटेशन प्रतियोगिता



रांची (आजाद सिपाही)। स्टार इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस को ध्यान में रखते हुए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रेप से दसवीं के छात्र एवं छात्राएं शामिल थे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मिट्ठू झा, सुमंती कुजूर, पम्मी सिन्हा थीं, जबकि जूनियर जज कविता झा, रिंकी और कवयित्री संध्या उर्वशी थीं। प्रतियोगिता में शिक्षिकाओं के अनुरोध करने पर कवयित्री संध्या उर्वशी ने कविताएं सुनाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आए सभी बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। समर्पण ज्ञापन प्रिंसिपल नीता जायसवाल द्वारा किया गया।

### सहायक पुलिसकर्मियों ने सरकार और देवेंद्रनाथ महतो को दिया आभार जताया



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी झलक आई है, क्योंकि राज्य सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति दे दी है। इस पर पुलिसकर्मियों ने राज्य सरकार और देवेंद्रनाथ महतो का आभार जताया। आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों के मांग को समर्थन देते हुए लोकसभा पूर्व प्रत्याशी व जेविकेएसएस के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने 19 जुलाई को सीएम आवास का घेराव किया था, जिसमें उन पर लाठीचार्ज हुई थी। इसके बाद, रिम्स अस्पताल से इलाजरत दिल्ली रवाना हुए थे।

### महामृत्युंजय शिव मंदिर में गणेश चतुर्थी पर पूजा-अर्चना की गयी



रांची (आजाद सिपाही)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर रांची इंद्रपुरी रोड नंबर-6 महामृत्युंजय शिव मंदिर में पूजा श्री गणेशजी की मूर्ति बैठाकर पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया। भक्तों ने सामूहिक रूप से भजन कीर्तन किया उसके उपरांत आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू, राज कुमार तिवारी, आशुतोष कुमार सिन्हा, नीरज कुमार सिन्हा, अमृत सिन्हा, संतोष कर्मकार, छोटू ठाकुर, आकाश ठाकुर,मुन्ना कुमार, विकास ठाकुर, पीयूष शर्मा, आयुष शर्मा, पुजारी, राजेश पांडेय और अन्य भक्त उपस्थित थे।

### युवा विकास दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का भूमि पूजन संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। युवा विकास दुर्गा पूजा समिति एटीआई चौक स्टाफ क्वार्टर निकट (राज भवन) में दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन आज ऊर्जा विभाग अपर मुख्य सचिव एवं झारखंड के मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के हाथों संपन्न हुआ। इस वर्ष का पंडाल काल्पनिक पंडाल होगा, जो दर्शकों को आकर्षित करेगा।इस अवसर पर पूजा समिति के संरक्षक अखिलेश कुमार अभिष्ट, संजय टाइगर, अध्यक्ष रमेश सिंह, सचिव प्रमोद पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष धीरज गोप, वरीय उपाध्याय निकित बर्मा, पूजा पंडाल प्रभारी नीरज गोप, संगठन मंत्री सौरभ झा और संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### श्री श्री बाबा गणिनाथ मंदिर में पूजा पाठ संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के डीआइजी ग्राउंड स्थित सरहुल नगर, रांची में शनिवार को रांची नगर मद्धेशिया वैश्य विकास समिति के बैनर तले श्री श्री बाबा गणिनाथ मंदिर में पूजा पाठ बहुत ही विधि विधान से संपन्न हुआ। पूजा पाठ के बाद सभी को शांतिपूर्ण तरीके से अनुशासन के साथ प्रसाद वितरण कराया गया। इस पूजा में अधिक से अधिक संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। साथ ही साथ भूतपूर्व पदाधिकारी, संरक्षक सहित सदस्य शामिल थे। सभी को अध्यक्ष महोदय कन्हैया प्रसाद गुप्ता के द्वारा स्वागत किया गया। रविवार को करम टोली स्थित आइएम भवन में मिलन कार्यक्रम का रखा गया है। आदित्य साहू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आप सभी सदस्यों से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनायें।

### सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते पांच युवकों को किया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी राँची के सुखदेवनगर नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया।सिटी एसपी राज कुमार मेहता के निर्देशन में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

### सोना चांदी व्यवसाय समिति का चुनाव आज

रांची (आजाद सिपाही)। सर्कुलर रोड स्थित होटल रेंडयू के सभागार में शनिवार को सोना चांदी व्यवसाय समिति रांची के निर्णायक मंडल के सदस्यों की आवश्यक बैठक समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को चर्च रोड के स्वर्ण कलश भवन में होने वाले सोना चांदी व्यवसाय समिति का चुनाव विधि संवत एवं स्वच्छ तरीके से होना चाहिए। सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन, पूर्व अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी, पूर्व सचिव सुरेश प्रसाद ने संयुक्त बयान देते हुए कि चुनाव में ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष चुनकर लाएं जो व्यवसायियों के हक के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहे। बैठक में झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार, हटिया व्यवसाय समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद, समाजसेवी गोपाल सोनी, अधिवक्ता रविंद्र लाल, समाजसेवी डॉ प्रदीप कुमार, नंदलाल प्रसाद साहू, दिलीप स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़ा मामला कैबिनेट सचिवालय के अधीन

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े सारे मामलों पर अब मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय एवं निगरानी विभाग विचार करेगा। सरकार ने गृह विभाग के स्थान पर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को नोडल विभाग बनाया है। कैबिनेट के फैसले के बाद इस संबंध में कैबिनेट सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके तहत डीएसपी एक्ट की धारा-5 एवं 6 के मामलों को छोड़ कर सभी केंद्रीय एजेंसी से संबंधित मामला कैबिनेट सचिवालय को दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.00 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



## मुख्यमंत्री हेमंत के पास प्रदेश कांग्रेस रखेगी मांग
# राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का हो गठन

- प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक संपन्न
- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस राज्य सरकार से पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन की मांग करेगी। यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। इस संबंध में बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन किया जाये, इसके लिए मुख्यमंत्री से कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस की रांची के कटहलमोड़ स्थित लालगुटुवा बैंक्वेंट हॉल में शनिवार को पार्टी की पूर्ववर्ती विस्तारित कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (एआइसीसी) के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का (सांसद) और डा श्रीबेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव समेत पार्टी पदाधिकारी, नेता और समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव पर मंथन हुआ और फीडबैक लिया गया।



### कमजोर कड़ी को ढूंढ़ कर मजबूत करना है

बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड के सह-प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा कि आपकी मेहनत ही आपकी ताकत बनेगी। जनता ने लोकसभा के चुनाव में हमें इनता मजबूत कर दिया है। केंद्र सरकार अब तानाशाही नहीं कर सकती है। समय कम है और काम ज्यादा है। कमजोर कड़ी को ढूंढ़ना है और उसे मजबूत करना है।

### संगठन को मजबूत करने की राय पर अमल होगा

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती के दृष्टिकोण से जो भी विचार यहां रखे गये हैं, उस पर अमल होगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा पूरे देश के लिए थी। उस यात्रा ने जनता के दिलों में एक छाप छोड़ी, जिसके कारण आज हम एक मजबूत विपक्ष में रूप में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में लोकसभा के चुनाव में हमें पिछली बार के मुकाबले 16 लाख मतों की वृद्धि हुई। इसे हमें अपनी ताकत के रूप में इस्तेमाल करना है। भाजपा द्वारा सरकार गिराने के कुचक्र से बचते हुए केंद्रीय एजेंसियों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम को जेल भेजने के बावजूद हमने जनहित के सारे काम किये और अभी भी सिलसिला जारी है।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में सांसद कालीचरण मुंडा, धीरज प्रसाद साहू, विधायक प्रदीप यादव, बादल पत्रलेख, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा, राजेश कच्छप, राजेश ठाकुर, शहजादा अनवर, केएन त्रिपाठी, ब्रजेंद्र प्रसाद, राजीव रंजन प्रसाद, विनय सिन्हा दीपू, आभा सिन्हा सेमत अन्य लोग मौजूद थे।

### ये तीन राजनीतकि प्रस्ताव हुए पारित

जाति जनगणना कराने के लिए राहुल गांधी के द्वारा प्रखरता से आवाज उठाने के लिए कार्यसमिति ने उन्हें बधाई दी।

राज्य सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन किया जाय।

रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी की तर्ज पर झारखंड राज्य के वैसे जिले, जहां नगर निगम कार्यरत हैं, जैसे, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो चास, गिरिडीह, हजारीबाग, डाल्टनगंज एवं देवघर में महानगर कांग्रेस कमिटी का गठन किया जाये।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ST-SBP-TENDER-2024-18, दिनांक 02.09.2024

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/TELE/टिटिलागढ़ (TIG), वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/TELE/महासमुंद (MSMD), कनिष्ठ अभियंता/TELE/कंटाबांजी (KBJ) एवं कनिष्ठ अभियंता/TELE/मुनिगुड़ा (MNGD) के क्षेत्राधिकार के अधीन नियंत्रण अनुभाग में बारह महीने की अवधि के लिए दूरसंचार जोनल कार्य।

**निविदा मूल्य:** रु. 66,44,545.80, बोली सुरक्षा : रु. 1,32,900.00।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.09.2024 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट:www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इन निविदाओं के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (S&T), सम्बलपुर

PR-502/P/24-25

# उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में दो और मौत

- रांची की आरती की इलाज के दौरान हुई मौत
- बिहार के करण राज की हजारीबाग में इलाज के दौरान हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ में बीमार हुए अभ्यर्थियों के मरने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। साहिबगंज में उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली में दौड़नेवाली रांची की टांगर निवासी 32 वर्षीय आरती केरकेट्टा की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गयी। आरती का इलाज रांची में ही चल रहा था।

**दौड़ पूरी कर चुकी थी आरती :** आरती के परिजनों ने बताया कि 31 अगस्त को साहिबगंज में आरती की दौड़ थी। वह तय समय में दौड़ पूरी भी कर चुकी थी। लेकिन दौड़ पूरी करने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उसे तत्काल साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। 2 सितंबर को परिजन आरती को साहिबगंज से रांची लेकर आ गये थे। 4 सितंबर को आरती को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व ही आरती की शादी हुई थी।

### पलामू में दौड़नेवाले उत्पाद सिपाही के एक और अभ्यर्थी की गयी जान



उत्पाद सिपाही नियुक्ति के लिए दौड़नेवाले एक और अभ्यर्थी की मौत हो गयी है । जानकारी के अनुसार बिहार के मुंगेर के रहनेवाले 25 वर्षीय करण राज की मौत इलाज के दौरान हजारीबाग में हो गयी। उनकी दौड़ पलामू के चियांकी एयरपोर्ट पर थी। दौड़ने के दौरान ही वह बेहोश हुए थे। उसके बाद उन्हें पलामू से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग लाया गया था। जानकारी के अनुसार करण राज की दौड़ 29 अगस्त को थी।

## झारखंड सरकार है अभ्यर्थियों की मौत की जिम्मेदार : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड़ भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही सरकार को उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान हो रही मौत का जिम्मेदार ठहराया है। श्री प्रकाश उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान बेहोश हो गयी रांची की आरती केरकेट्टा तथा पलामू के राज की इलाज के दौरान कल हुई मौत पर नाराजगी व्यक्त की और अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में युवाओं और युवतियों के बीच नौकरी नहीं, बल्कि मौत बांट रही है। राज्य के युवा हेमन्त सरकार से पिछले पांच साल से नौकरी मांगते मांगते थक गये और आज राज्य सरकार उन्हें नौकरी मांगने की सजा मौत दे रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि हद तो तब हो गयी, जब राज्य के मुख्यमंत्री भर्ती प्रक्रिया, बदइंतजामी व्यवस्था के बजाय कोरोना काल मे ली गयी वैक्सीन को मौत का कारण बता रही है। रात भर अभ्यर्थियों को लाइन में भूखे प्यासे खड़ा कर दिया जा रहा है और सितंबर माह के दोपहर में जब गर्मी और उमस ज्यादा होती है, तब उन्हें दौड़ाया जा रहा है। युवा बेहोश नही होंगे तो क्या होंगे। अगर भर्ती स्थल पर इलाज का समुचित व्यवस्था होती तो शायद राज्य के इतने होनहार युवाओं की मौत नहीं होती।

## झारखंड में मजबूत महागठबंधन की जरूरत है : डी राजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठा रही है। हकीकत यह है कि अगर घुसपैठ हो रहा है तो उसके लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं। झारखंड में मजबूत महागठबंधन की जरूरत है और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस महागठबंधन के साथ मिलजुल कर चुनाव लड़ना चाहती है। शनिवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

**राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज :** 8 सितंबर को रांची के वेंडर मार्केट के चौथी मंजिल पर बने अतुल कुमार अंजन सभागार में में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नयी ऊंचाई की ओर : सतीश चंद्र दुबे

- झारखंड नागरिक परिसंघ की ओर से आयोजित नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह में बोले मंत्री,
- खनन क्षेत्र में सुरक्षा, सम्मान और संपन्नता सबसे ज्यादा जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है और पूरे वैश्विक परिवेश में भारत का सम्मान बढ़ा है, जो भारत के आर्थिक और सामाजिक हित में है। शनिवार को राजधानी के बीएनआर चाणक्य के उत्सव सभाकक्ष में आयोजित अपने नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि रूस-युक्रेन युद्ध में जिस प्रकार से दोनों देशों के साथ ही अमेरिका तक ने भारत की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है, वह हमारी क्षमता को दिखाता है और इस वातावरण का फायदा देश के उद्योग-व्यापार, वाणिज्य एवं खनन क्षेत्र को भी मिलेगा।

श्री दुबे ने कहा कि देश की जीडीपी में कोयला एवं खान क्षेत्र का 10 प्रतिशत योगदान है, लेकिन इसके साथ ही झारखंड क्षेत्र में रहनेवाले लोगों के लिए बिजली जैसी सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, सम्मान और संपन्नता सबसे ज्यादा जरूरी है और वे इस विजन के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। लेकिन जो सरकार अपने खनिज संसाधन का 28 प्रतिशत राशि लेती है, वह अपनी अकर्मण्यता के साथ ही भ्रष्टाचार और लापरवाही में संलिप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोयला क्षेत्र न केवल देश को ऊर्जा देता है, बल्कि उसके कारण ही देश के अर्थतंत्र की धुरी घूमती है और कोयला एवं खान क्षेत्र के विकास में उनका मंत्रालय कोई कसर बाकी नहीं रखेगा।

इस अवसर पर अपने स्वागत संबोधन में झारखंड नागरिक परिसंघ के अध्यक्ष और स्वागत समिति के संयोजक अखिलेश पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री से झारखंड और यहां के लोगों को बहुत अधिक विश्वास है। विशेष रूप से खनन क्षेत्र के साथ ही संपूर्ण झारखंड के विकास के लिए कोयला एवं खान मंत्रालय से विशेष प्रयास करने का आह्वान करते हुए उन्होंने श्री दुबे से आग्रह किया कि विशेषतः कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के द्वारा झारखंड के कोयला एवं खनन क्षेत्र में सीसीएल, बीसीसीएल और सीएमपीडीआइ के माध्यम से जल, जंगल, जमीन-पहाड़ और खान-खनिज के इस प्रदेश के लोगों के आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए भरपूर प्रयास के लिए सहभागिता बढ़ाने हेतु अपने प्रभाव का प्रयोग करें।

समारोह में अपने संबोधन में पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल के बाद जब भाजपा सत्ता में आयी तो उसके बाद देश के उद्योग, खान, वित्त एवं वाणिज्यिक क्षेत्र में विकास के लिए निर्णय लेने में तीव्रता आयी और इसका फायदा अब देश को नजर आ रहा है, लेकिन झारखंड के परिप्रेक्ष्य में राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों के भ्रष्टाचार और असहयोगात्मक रवैये का खामियाजा प्रदेश को उठाना पड़ रहा है। बिजली का अभाव और बेरोजगारी आक्रोषित करनेवाली है।

राज्यसभा सदस्य खीरू महतो ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन पूरी समझदारी के साथ किया जाना चाहिए और झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों के साथ प्रकृति के जुड़ाव को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने और झारखण्ड के खान क्षेत्र के विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के लक्ष्मण उरांव ने कहा कि झारखंड के उद्योग-व्यापार, वाणिज्य और खनन क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाओं को और भी सटीक दिशा देने की जरूरत है। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री दुबे के निर्देशन में अब सीधा फायदा झारखंड के खान-खनन क्षेत्र को भी होगा और वह पर्यावरण के प्रति भी यह अनुकूल होगा। अपने संबोधन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि झारखंड न केवल खान-खनिज, बल्कि मानव संसाधन के दृष्टिकोण से भी देश का वैसा उर्वर क्षेत्र है, जिससे न केवल झारखंड, बल्कि देश को बहुत अधिक भरोसा है।

झारखंड नागरिक परिसंघ द्वारा आयोजित इस नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह में श्री दुबे का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से सुमन सिंह, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, धर्मेंद्र तिवारी, शिवशंकर उरांव, किशोर मंत्री, मनोज नरेडी, धीरज तनेजा, कुणाल आजमानी, ललित ओझा, मुख़्तारजी, कमाल खान, राकेश पांडेय, राकेश भास्कर, रमेश पुष्कर, रितेश उरांव, गणेश मिश्रा, देवेंद्र नाथ कुंवर, किसलय तिवारी, भारतेंदु झा, देवी भूमिज, ऋषि प्रकाश मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री दुबे का अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों द्वारा भी अभिनंदन किया गया।

इससे पहले शनिवार को सुबह रांची पहुंचते ही बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर सुबह श्री दूबे का झारखंड की परंपरागत जनजातीय संस्कृति के अनुरूप पूरे रीति रीवाज से हजारों समर्थकों के द्वारा अभिनंदन किया गया। उसके बाद श्री दूबे ने बिरसा चौक पर अवस्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनके साथ झारखंड नागरिक परिसंघ के अध्यक्ष और सम्मान समारोह की स्वागत समिति के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय के साथ ही बड़ी संख्या में परिसंघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | |
|---|---|
| मेष | पुरानी चिन्ताओं से मुक्ति,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| वृष | दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा, कर्मक्षेत्र में मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे। |
| मिथुन | नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे। |
| कर्क | अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा। |
| सिंह | आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेगी, परिश्रम-प्रयास से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी। |
| कन्या | आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है, चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति, नयी आशाएँ उदित होगी। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे। |
| वृश्चिक | हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मकर | जमीन-मकान,स्थिर सम्पत्ति सम्पत्ति से संबंधित काम सिद्ध होंगे। रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। |
| कुंभ | बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है। |

## सरयू राय के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय के खिलाफ अरगोड़ा थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। मनोज सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा आहार पत्रिका से जुड़े मामले में सरयू राय के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी गयी है। मनोज सिंह ने अरगोड़ा थाने में दिये अपने आवेदन में यह लिखा है कि सरयू राय ने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के नाम पर प्रत्येक माह बुलेटिन आहार पत्रिका के मुद्रण, प्रकाशन और वितरण के लिए अपने नजदीकी और विश्वासियों को 3.38 करोड़ का अवैध भुगतान किया।

# मजदूर नेता राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक
## लोगों ने कहा मजदूर आंदोलन का एक युग समाप्त हो गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एचइसी के सबसे पुराने मजदूर नेता और इंटक के जाने माने राष्ट्रीय वरीय सचिव राणा संग्राम सिंह का शनिवार को निधन हो गया। हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राणा संग्राम सिंह के निधन के साथ मजदूर आंदोलन के एक युग की समाप्ति हो गयी। उन्होंने कहा कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि एचइसी का एक बार फिर से पुनरुद्धार हो।

**कैमूर में हुआ था राणा का जन्म:** राणा संग्राम सिंह का जन्म कैमूर जिले के मोहनिया के पास बसंत पुर में हुआ था। उन्होंने 1956 में रांची के ठाकुर गांव से ग्रामीण विकास पदाधिकारी के रूप में करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 1960 में एचइसी जॉइन किया था। इसके बाद 1962 में हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (एचइसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनियन) में उपाध्यक्ष चुने गये थे। वर्ष 1969 में राणा संग्राम सिंह हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री निर्वाचित हुए थे। उन्होंने एचइसी कर्मी के लिए छोटे-बड़े कुल 80 समझौते किये। इनमें एक 1971 का प्रसिद्ध त्रिपक्षीय समझौता भी शामिल है। इस समझौते से सभी वर्ग के कर्मचारी लाभान्वित हुए थे। राणा संग्राम सिंह ने दो बार एचइसी का पुनरुद्धार भी कराया। एक बार बीआइएफआर से और दूसरी बार झारखंड हाइकोर्ट से।

### विभिन्न संगठनों के रहे अध्यक्ष

राणा संग्राम सिंह एचइसी के अलावा बासल पतरातू, एसबीएल रांची, एसएनएल रांची, मेरिन डीजल इंजन प्लांट रांची और इंडियन एक्सप्लोसिव कर्मचारी यूनियन गोमिया के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा वह बिहार प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल और झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल के अध्यक्ष के साथ-साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने इंटक के राष्ट्रीय वरीय सचिव, झारखंड प्रदेश इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष और इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।

### इंदिरा गांधी ने व्यक्तिगत रूप से दी थी बधाई

राणा संग्राम सिंह ने वर्ष 1967 के दंगे से पीड़ित विस्थापित मुसलमानों को बसाया था। इस नेक काम के लिए इंदिरा गांधी ने व्यक्तिगत रूप से बधाई संदेश भेज कर बधाई दी थी। राणा संग्राम सिंह की राजनीति में अच्छी पकड़ थी। उन्हें इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, नरसिम्हा राव, डॉ जगन्नाथ मिश्रा, बिंदेश्वरी दुबे, चंद्रशेखर सिंह, शिबू सोरेन जैसे बड़े लोग व्यक्तिगत रूप से पहचानते थे।

## रिम्स के दो डॉक्टर और उनकी पत्नी समेत आठ पर एफआइआर

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स रांची के डॉ संजय कुमार सिंह, उनकी पत्नी आशा सिंह समेत चार डॉक्टर के साथ कुल आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, राशि गबन एवं आपराधिक साजिश रचने के आरोप में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर कोतवाली थाने ने प्राथमिकी दर्ज की गयी। प्राथमिकी आर्केड, प्रेमसंस मोटर के सामने, बूटी रोड, बरियातू निवासी अनिल अधिकारी, उनकी पुत्री मारिया अधिकारी, मल्लिका दत्ता, डॉ संजय कुमार सिंह, उनकी पत्नी डॉ आशा सिंह, पवन कुमार बर्नवाल, डॉ विद्यापति की पत्नी डॉ इंदु कुमारी और डॉ सुनील कुमार की पत्नी डॉ नीलम अग्रवाल के खिलाफ कोतवाली थाना में दर्ज की गयी है। आरोप है कि मेसर्स देविका कंस्ट्रक्शन डेवलपर्स प्रा लि कंपनी ने अनिल अधिकारी और मारिया अधिकारी की 22 कट्ठा जमीन पर अधिकारी आर्केड के नाम से एक बहुमंजिले आवासीय सह वाणिज्यिक भवन का निर्माण कराया। निर्माण के समय आपसी समझौता हुआ, जिसका आरोपियों ने उल्लंघन किया।

# आज धुर्वा में युवा आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा

- सरकार को शिक्षित बेरोजगार युवाओं का डेटा सौंपेगा युवा आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन कल दिनांक 8 सितंबर दिन रविवार को पूर्वा॰ 11.30 बजे धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो बिरसा चौक, रांची से पद यात्रा करते हुए प्रभात तारा मैदान, धुर्वा पहुंचेंगे। पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बेरोजगार युवा शामिल होंगे। संकल्प सभा के पूर्व श्री सुदेश कुमार महतो गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। नवनिर्माण संकल्प सभा में वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री राम चन्द्र सहिस, केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी समेत हजारों शिक्षित बेरोजगार युवा शामिल होंगे।

### बॉयोडाटा संग्रह अभियान से जुड़े लाखों युवा

युवा आजसू द्वारा 24 अगस्त से 7 सितंबर तक राज्यभर के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को डेटा एकत्रित करने के लिए बॉयोडाटा संग्रह अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदेशभर से ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त हुए बॉयोडाटा को झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में सरकार के समक्ष राखा जाएगा। इस अभियान में एक लाख से अधिक युवाओं ने अपना बॉयोडाटा जमा किया है। युवा आजसू द्वारा हर प्रखंड में डोर टू डोर जाकर ऑफलाइन और वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बॉयोडाटा इकट्ठा किया गया है।

## लालपुर थाना में दो युवकों ने पुलिस अधिकारी को जम कर पीटा, भेजे गये जेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के लालपुर थाने में एक पुलिस अधिकारी की पिटाई का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो शुक्रवार रात करीब 1:10 बजे का है। इसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति थाने में ही एक पुलिस वाले की जम कर धुनाई कर रहा है। कई लोग और थाने में बैठे हुए हैं, लेकिन उनमें से किसी ने भी आगे आकर पुलिस वाले को बचाने की कोशिश नहीं की। थोड़ी देर बाद एक दूसरा पुलिस वाला भी जब अपने साथी के पास जाता है, तो उसके साथ भी वह युवक धक्का मुक्की करता है और मारपीट करने लगता है। बड़ी मुश्किलों के बाद जब अतिरिक्त पुलिस बल थाने में पहुंचता है, तब दोनों युवकों को काबू में किया जाता है और उन्हें हाजत में बंद किया जाता है। हाजत में बंद करने के बावजूद दोनों युवक पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी देते रहे। पूरे मामले को लेकर लालपुर थाने में पदस्थापित एएसआइ सुनील मुर्मू के बयान पर दोनों युवकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है।

# भारत निभा सकता है अहम भूमिका

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को ईस्टर्न इकॉनमिक फोरम में यह महत्वपूर्ण संकेत दिया कि अगर यूक्रेन चाहे तो वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने संभावित मध्यस्थ के रूप में भारत सहित कुछ देशों के नाम भी सुझाये। उनके इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे इस युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगायी हैं। इसके साथ ही एक स्तर पर रूस की इस पेशकश को भारत के अब तक के स्वतंत्र और संतुलित नजरिए की पुष्टि के रूप में भी देखा जा सकता है। वैसे खुद पुतिन ने संभावित मध्यस्थ के रूप में तीन देशों-भारत, चीन और ब्राजील के नाम लिये, लेकिन जैसा कि बाद में उनके प्रवक्ता की ओर से दिये गये बयान से साफ हुआ, इनमें भारत की भूमिका ही प्रमुख मानी जा रही है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत युद्ध में शामिल दोनों ही पक्षों से सीधे सूचनाएं हासिल कर इस प्रक्रिया को अगुआई देने की स्थिति में है। अन्य कोई देश इस स्थिति में नहीं दिख रहा। इसके पीछे भारत का दोनों ही पक्षों से सहयोगात्मक संबंध बनाये रखने का आग्रह, पीएम मोदी की दुनिया के नेताओं से बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री डिवेलप करने की क्षमता और हर हाल में देश हित पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति पर टिके रहने की प्रतिबद्धता का जिक्र किया जा सकता है। ध्यान रहे, पिछले दो महीने के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं।

**पिछले दो महीने के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं। पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था।**

पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था। पुतिन से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की भी भारत से शांति प्रक्रिया को बढ़ावा देने का परोक्ष आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि उसे अगले शांति सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए। हालांकि उन्हें मालूम था और बाद में उन्होंने कहा भी कि मेजबानी वही देश कर सकता है, जिसने पहले शांति सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में हस्ताक्षर किया हो। भारत शांति सम्मेलन में शामिल जरूर हुआ था, लेकिन संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से उसने इस आधार पर इनकार कर दिया था कि इसमें रूस की भागीदारी नहीं है। पॉजिटिव संकेत शुरू से भारत का यह स्पष्ट मत रहा है कि शांति की राह तभी खुल सकती है, जब दोनों ही पक्ष इसके लिए तैयार हों और इस प्रक्रिया में भागीदारी करें। रूसी राष्ट्रपति का ताजा बयान निश्चित रूप से एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट है, लेकिन यह महज शुरुआत है। हां, अगर यूक्रेन का रुख भी पॉजिटिव रहा तो दोनों पक्षों की सहमति बात को आगे बढ़ाने का एक ठोस आधार जरूर मुहैया करा सकती है।

अभिमत आजाद सिपाही

**भारत की तरह ही दक्षिण अफ्रीका प्राकृतिक संपदा से संपन्न क्षेत्र है। यहां की जलवायु, वन, वन्यजीव और खनिज पदार्थ इसकी धरोहर हैं। केपटाऊन का नैसर्गिक सौंदर्य और जोहानसबर्ग में सोने की खान इसे वैभवशाली बनाते हैं। डच और अंग्रेज के लिए यह यहां बसने और दूसरों की दौलत से अमीर बनने का स्रोत था। यहां का केपटाउन शहर आधुनिकता का उदाहरण है। भवन निर्माण में अनेक स्थापत्य कलाएं प्रयुक्त की गयी हैं। घर ऐसे हैं कि दूर से ही उनके सजे-संवरे होने का एहसास होता है।**

# दक्षिण अफ्रीका की गुलामी की दास्तान और वैभवशाली वर्तमान

पूरन चंद सरीन

अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण में स्थित देश दक्षिण अफ्रीका का भारत के लिए महत्व यह है कि बापू गांधी ने उसे कुछ समय के लिए अपनी कर्मभूमि बनाया था। अंग्रेजों के अभद्र व्यवहार, स्थानीय आबादी तथा रोजगार और व्यापार की तलाश में विदेशों से आये लोगों के साथ भेदभाव और अत्याचार देख कर युवा गांधी ने गुलामी का अर्थ समझा। उसके बाद उनके राष्ट्रपिता बनने की कहानी सब जानते ही हैं।

**दासता की पहचान :** भारत की तरह ही दक्षिण अफ्रीका प्राकृतिक संपदा से संपन्न क्षेत्र है। यहां की जलवायु, वन, वन्यजीव और खनिज पदार्थ इसकी धरोहर हैं। केपटाऊन का नैसर्गिक सौंदर्य और जोहानसबर्ग में सोने की खान इसे वैभवशाली बनाते हैं। डच और अंग्रेज के लिए यह यहां बसने और दूसरों की दौलत से अमीर बनने का स्रोत था।

यहां का केपटाऊन शहर आधुनिकता का उदाहरण है। भवन निर्माण में अनेक स्थापत्य कलाएं प्रयुक्त की गयी हैं। घर ऐसे हैं कि दूर से ही उनके सजे-संवरे होने का एहसास होता है। रंगों का इस्तेमाल मनमोहक और सुरुचिपूर्ण है।

किसी घर को अंदर से देखने का तो अवसर नहीं मिला, लेकिन बाहर से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उनमें रहने का आनंद कैसा होता होगा। हेलीकॉप्टर से विहंगम प्राकृतिक दृश्यों को देखना सुखद अनुभूति था। नीचे फैली विशाल जलराशि और सामने पर्वत शृंखलाएं तथा नीचे शहरी बस्तियां अपनी अलग ही छटा से पूरे माहौल को मुग्ध भाव से देखते रहने के लिए लालायित कर रही थीं।

**दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था जिन चीजों पर टिकी है, उनमें सब से पहले पर्यटन है। यहां अद्भुत नजारे हैं।**

**अर्थव्यवस्था :** दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था जिन चीजों पर टिकी है, उनमें सब से पहले पर्यटन है। यहां अद्भुत नजारे हैं, पर्वत हैं और कुदरत ने उन्हें इस तरह बनाया और संवारा है कि एकटक निहारते रहो तो भी बोर नहीं होते। टेबल माऊंटेन जैसा स्थल शायद ही कहीं किसी अन्य देश में हो। वहां से शानदार प्राकृतिक सौंदर्य दिखायी देता है। मनोरंजन के लिए रिवर फ्रंट नामक स्थान बहुत लोकप्रिय है। इसी तरह समुद्र तट पर आप पूरा दिन बिता सकते हैं, बशर्ते कि तेज हवाएं न चल रही हों।

एक बात है, प्रकृति ने इस क्षेत्र को अनुपम सौंदर्य तो दिया ही है पर मनुष्य ने भी इसमें बहुत वृद्धि की है। यदि अपने देश से तुलना करें तो हमारे यहां प्रकृति ने जो उपहार दिये हैं, वे अनूठे और अतुलनीय तो हैं ही, साथ ही संसार में उनके समान इलाके तो हो सकते हैं, लेकिन भारत की बराबरी नहीं कर सकते। कह सकते हैं कि दक्षिण अफ्रीका प्राकृतिक पूंजी की धरोहर के रूप में आनंदित और प्रफुल्लित कर देने वाला देश है। यहां सन सिटी के रूप में मनुष्य द्वारा निर्मित एक विशाल नगर का निर्माण अनोखा और अपने किस्म का एकमात्र है। इसमें मनोरंजन के सभी आधुनिक और परंपरागत साधन उपलब्ध हैं। खानपान की सुविधाएं हैं और समुद्र तट को विभिन्न खेलों और जल क्रीड़ा के उपयुक्त बनाया गया है। सैलानी यहां आकर विश्राम करते हैं और तरोताजा होने के लिए समुद्री रेत का बिछावन बनाकर थकान उतार सकते हैं।

निकट में ही सफारी पार्क है और वनों तथा वन्यजीवों के बीच जाने की सुविधा है। उसके लिए सुबह जल्दी जाना पड़ता है, क्योंकि तभी जंगल में उन्हें देखा जा सकता है। दिन निकलते ही मनुष्य की भांति उनकी भी दैनिक क्रियाएं शुरू हो जाती हैं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, वे भी अपने परिवार के साथ रहने के लिए बनी गुफाओं आदि में चले जाते हैं। जब जंगल में प्रवेश किया, तो हल्का धुंधलका था, ठंड भी बहुत थी। गर्म कपड़ों में सिमटे खुले वन में वन्यजीवों का दिखना शुरू हुआ। कुछ ही देर में आहट हुई और देखा कि शेर चला आ रहा है। ट्रैफिक एकदम थम गया, बिना किसी तरह का शोर या बातचीत किये शेर को देखने लगे। आलम यह था कि अन्य पशुओं जैसे जैबरा का झुंड, जिराफ, हिरणों के बीच से शेर का आगे बढ़ना ऐसा था कि मानो राजा अपनी प्रजा को आश्वस्त करते हुए उनका अभिवादन स्वीकार कर रहा हो। अपनी मस्ती और अनूठी अदाओं से उसका सड़क तक आकर एक क्षण रुककर फिर आगे बढ़ना, वाहनों के बीच से निकल कर दूसरी तरफ झाड़ियों से होते हुए अपने परिवार के पास पहुंच कर सभी के साथ खेलना और फिर शेरनी के साथ कुछ पल, यह दृश्य अविस्मरणीय हो गया। यहां से आगे बढ़े तो हाथियों का झुंड चला आता हुआ दिखा। कमाल की समझदारी है इस विशालकाय पशु में, परिवार की सुरक्षा के प्रति सबसे बड़ा दिख रहा हाथी एक बुजुर्ग की तरह उन्हें रास्ता दिखा रहा था। जब लगा कि सब सड़क के उस पार चले गये हैं, तो स्वयं आगे बढ़ा, पार करने पर रुका और देखा कि उसी के डील-डौल का शायद छोटा भाई पीछे आ रहा है, उसके पार करने तक वह वहीं रुका रहा और जब तसल्ली कर ली कि सब इस पार आ गये हैं, तो नजर घुमा कर दोनों तरफ देखा और निष्कंटक होकर आगे बढ़ा और झुंड में शामिल हो गया। लगभग 3 घंटे कैसे बीत गये, आभास ही नहीं हुआ। धूप खिल रही थी और मौसम से ठंड भी कम हो रही थी, हवा तेज थी, लेकिन सुहावना एहसास हो रहा था। गर्म कपड़ों को थोड़ा ढीला किया और वहां बने एक विश्राम स्थल पर वाहन से बाहर निकले और वातावरण को महसूस किया। जब तक जंगल के बीच थे, गाड़ी से नीचे उतरना भयंकर साबित हो सकता था। कुछ दिन पहले ऐसा दुस्साहस करनेवाले एक व्यक्ति को अचानक वहां आ गये हाथी ने सूंड के प्रहार से यमलोक पहुंचा दिया। अपनी रक्षा के लिए सचेत रहना और किसी भी बाहरी शक्ति से अपने को सुरक्षित रखते हुए शांतिपूर्वक रहना और अन्य प्राणियों को भरोसे में रख कर उनकी रक्षा करना इनसे सीखा जा सकता है। बिना वजह किसी पर आक्रमण करना पशुओं की प्रवृत्ति नहीं है।

अपने और अपने परिवार के लिए भोजन जुटाना अर्थात दूसरे जानवरों का शिकार करना जरूरत की श्रेणी में आता है अन्यथा बिना मतलब या जुनून या अहंकार के कारण किसी की हत्या करना पशु समाज में बिल्कुल नहीं होता। दक्षिण अफ्रीका में जितना संभव था, बहुत कुछ देखा, समझा और स्मृतियां संजोकर लगभग दस दिन बाद लौटने का अनुभव सुखकारी था। अभी बहुत विवरण शेष है।



**अपने और अपने परिवार के लिए भोजन जुटाना अर्थात दूसरे जानवरों का शिकार करना जरूरत की श्रेणी में आता है अन्यथा बिना मतलब या जुनून या अहंकार के कारण किसी की हत्या करना पशु समाज में बिल्कुल नहीं होता। दक्षिण अफ्रीका में जितना संभव था, बहुत कुछ देखा, समझा और स्मृतियां संजोकर लगभग दस दिन बाद लौटने का अनुभव सुखकारी था।**

## देश-विदेश की खबरें

# केंद्र ने पूजा खेडकर की सेवा समाप्त की

**आइएएस (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत लिया गया एक्शन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को पूर्व ट्रेनी आइएएस अफसर पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया। उनके खिलाफ ये एक्शन आइएएस (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत लिया गया है।

पूजा 2023 बैच की ट्रेनी आइएएस थीं। उन्हें सीएसइ-2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं। उन पर आरोप है कि उन्होंने रिजर्वेशन का फायदा उठाने के लिए सिविल सर्विस एग्जाम 2022 में खुद से जुड़ी गलत जानकारी दी थी।

यूपीएससी ने अपनी जांच में पूजा को दोषी पाया था। इसके बाद 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द कर दिया गया। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था। सिलेक्शन रद्द होने के बाद पूजा का पद छिन गया। उन पर भविष्य में यूपीएससी का कोई भी एग्जाम देने पर रोक लग गयी है।

# प्रत्येक वर्ष 60,000-70,000 शिशुओं की जान बचाये जाने के बारे में शोध पत्र में दी गयी दिलचस्प जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए शोध पत्र में, इंटरनेशनल फूड रिसर्च इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया है कि भारत में खुले में शौच के उन्मूलन से प्रत्येक वर्ष लगभग 60,000-70,000 शिशुओं की जान बचायी गयी है।

**यूपीए-क में स्वच्छता तक पहुंच में कमी :** इस पेपर से पता चला कि यूपीए-क के तहत स्वच्छता कवरेज में बहुत कम सुधार हुआ। कुछ जिलों में तो स्वच्छ और स्वच्छता संबंधी सुविधाओं तक पहुंच में गिरावट भी आयी। यह कांग्रेस के इस दावे के उलट है कि यूपीए-क के तहत सामाजिक खर्च में वृद्धि हुई। इसके विपरीत, शौचालय तक पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाओं में भी कमी देखी गयी। मोदी सरकार के तहत, न केवल शौचालय कवरेज में प्रभावी रूप से वृद्धि हुई है और खुले में शौच का उन्मूलन किया गया है, बल्कि पाइप से पानी की आपूर्ति कवरेज 16 प्रतिशत से बढ़ कर 78 प्रतिशत हो गयी है और 11 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वच्छ रसोई गैस कनेक्शन दिये गये हैं, जिससे बेहतर सामाजिक और स्वास्थ्य परिणाम हासिल हुए हैं।

**एसबीएम के बाद आइएमआर तीन गुना तेजी से कम हुआ :** इस शोधपत्र में यह भी बताया गया है कि 2000-2015 की तुलना में 2015 से 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर में तीन गुना अधिक तेजी से गिरावट आयी है। इससे पता चलता है कि स्वच्छ भारत मिशन का शिशु मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 2000 से 2015 के बीच आइएमआर में सिर्फ 3 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गयी, लेकिन एसबीएम के बाद की अवधि में आइएमआर में कमी की दर एसबीएम से पहले की दर से 8-9 प्रतिशत ज्यादा रही। इसके अलावा 2015 के बाद औसत शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) 2000 से 2015 के बीच की आइएमआर की तुलना में 10 प्रतिशत कम रही। न सिर्फ आइएमआर 2014 के 39 से घटकर 2020 में 28 हो गया है, बल्कि शहरी और ग्रामीण आइएमआर के बीच का अंतर भी 12 अंकों तक घट गया है।

**व्यापक प्रभाव :** इस शोध पत्र में यह भी बताया गया है कि जिलों में शौचालयों के अधिक कवरेज से स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हुआ है, जिसमें संस्थागत प्रसव, मातृ स्वास्थ्य और प्रसव पूर्व देखभाल में सुधार भी शामिल है। शौचालयों के अधिक कवरेज से अधिक संख्या में महिलाओं एवं बच्चों को पोषण अभियान और पीएम मातृ वंदना योजना जैसी पोषण सेवाओं तक पहुंचने लाभ मिला। इस शोध पत्र में यह भी बताया गया है कि जहां पाइप से जल आपूर्ति अधिक है, वहां स्वच्छ भारत मिशन के लाभ अधिक हैं। इसलिए, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के बाद स्वच्छ भारत के सकारात्मक स्वास्थ्य लाभ बढ़े होंगे, जिसमें लगभग 12 करोड़ ग्रामीण घरों को पाइप से पीने के पानी की आपूर्ति की गयी है, जिससे 5 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में पाइप से जलापूर्ति 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत से अधिक हो गयी है।

# बिक गयी मुशर्रफ की बागपत वाली जमीन

**यूपी सरकार को मिले उम्मीद से तीन गुना ज्यादा दाम**

**पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति का जन्म यहीं हुआ था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के भाई और परिवार की जमीन नीलाम हो गयी है। जिसे खरीदने के लिए लोगों ने खूब बोली लगायी है। इस 13 बीघा जमीन का आधार मूल्य 39 लाख 6 हजार रुपये रखा गया था, पर जमीन एक करोड़ 38 लाख 16 हजार रुपये से ज्यादा में नीलाम हुई। नीलामी का यह पैसा केंद्रीय गृह मंत्रालय के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग के खाते में जमा होगा। यह उत्तर प्रदेश में जमीन का आखिरी टुकड़ा है, जो पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के पूर्वजों का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ खसरा नंबर वाली भूमि की ई-नीलामी प्रक्रिया सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक चली। यानी 10 घंटे में इस संपत्ति को खरीद लिया गया। शत्रु संपत्ति बिकने के साथ ही परवेज मुशर्रफ और उसके परिजन नुरू का नाम बागपत में हमेशा के लिए खत्म हो गया है।

**ग्रामीण गेंदा, गेहूं और धान की खेती करते थे :** ग्राम प्रधान मुदीन खान ने बताया कि पिछले 10 सालों से इसे स्थानीय लोगों को तीन-तीन साल की अवधि के लिए पट्टे पर दिया गया था। ग्रामीण इस जमीन पर गेंदा, गेहूं और धान की खेती करते रहे हैं। लेकिन पिछले साल, उन्होंने इसे पट्टे पर नहीं दिया। हमें इसका कारण नहीं पता था, 15 दिन पहले हमने कुछ अधिकारियों को जमीन की बिक्री की घोषणा करते हुए पोस्टर लगाते देखा था। मुदीन खान ने कहा कि गांव के लोगों को पहले यह नहीं पता था कि जमीन मुशर्रफ के परिवार की है। गांव के केवल कुछ बूढ़े ही कभी-कभी इसके बारे में बात करते थे।

### मुशर्रफ का जन्म यहीं हुआ था

गांव की बस्ती से एक किलोमीटर दूर यह 13 बीघे जमीन कोताना में अब तक बेची गयी जमीन के अन्य टुकड़ों से अलग है। बड़ौत के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट अमर वर्मा ने कहा कि जमीन सीधे तौर पर मुशर्रफ की नहीं है। वर्मा ने कहा कि उनके पिता सैयद मुशर्रफुद्दीन और मां जरीन बेगम दिल्ली जाने से पहले कोताना में रहे, जहां मुशर्रफ का जन्म हुआ था। दिल्ली में उनका परिवार दरियागंज की नेहर वली हवेली, गोलचा सिनेमा के पास रहता था। अमर वर्मा ने बताया कि मुशर्रफ के पिता का कोताना में एक घर था, जिसे बाद में स्थानीय लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया। उनके चाचा हुमायूं जो कोताना में रहे, उन्होंने बाद में अपनी जमीन स्थानीय लोगों को बेच दी। देश छोड़ दिया, लेकिन इस जमीन को भारत सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया और शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया।

# बच्चों के स्वास्थ्य पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रभाव के निष्कर्षों का सारांश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एक हालिया अध्ययन के अनुसार 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की वजह से साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव आया है। इस मिशन को मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक के रूप में याद किया जायेगा। इसके दूरगामी प्रभावों में स्वास्थ्य संकेतकों में पीढ़ी दर पीढ़ी सुधार, विशेष रूप से शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा शामिल है। यहां देश के 35 राज्यों और 640 जिलों को शामिल करते हुए एक दशक लंबे चले अध्ययन (2011-2020) के आधार पर एसबीएम के प्रमुख निष्कर्षों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

## स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख लाभ

**शौचालय कवरेज में तेजी से वृद्धि :** वर्ष 2003 में, जिलों में शौचालय कवरेज अपेक्षाकृत कम रहा, औसतन 40 प्रतिशत से भी कम (माध्य 46.7 प्रतिशत)। वर्ष 2003 से 2008 तक घर-घर शौचालय के मामले में बहुत कम सुधार हुआ और कुछ जिलों में तो शौचालयों के इस्तेमाल में गिरावट भी देखी गयी। वर्ष 2014 में एसबीएम के शुभारम्भ के बाद, भारत में शौचालयों के निर्माण और इस्तेमाल में काफी वृद्धि हुई। वर्ष 2020 तक 10 करोड़ से ज्यादा घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ। इस अवधि के दौरान ज्यादातर जिलों में शौचालयों तक पहुंच 60 प्रतिशत (माध्य 81.2 प्रतिशत) से ज्यादा रही। अब तक, देश भर में 12 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। इस मिशन के पहले पांच वर्षों में खुले में शौच 60 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गया। आज भारत खुले में शौच से मुक्त देश है।




## शिशु मृत्यु दर में कमी

खुले में शौच लंबे समय से संक्रमण, खासतौर पर डायरिया का एक बड़ा कारण रहा है, जो बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालता है। एसबीएम के परिणामस्वरूप, इस अध्ययन में शौचालय तक पहुंच में बढ़ोतरी और बाल मृत्यु दर में कमी के बीच एक मजबूत व्युत्क्रम संबंध की पुष्टि हुई है। प्रारंभ में (2003), अधिकांश जिलों में शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) प्रति 1000 जीवित बच्चों में 60 से अधिक थी, जिसका औसत 48.9 था। हालांकि, 2020 तक, अधिकांश जिलों में शिशु मृत्यु दर 30 से कम हो गयी और जिलों का औसत 23.5 था। एसबीएम से पहले, शिशु मृत्यु दर में प्रति वर्ष लगभग 3 प्रतिशत की गिरावट आ रही थी। एसबीएम के बाद यह दर बढ़कर 8 से 9 प्रतिशत प्रति वर्ष हो गयी, जो इस अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाता है। एसबीएम के तहत 30 प्रतिशत से अधिक शौचालय कवरेज वाले जिलों में शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) में 5.3 अंकों की कमी और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यूएमआर) में 6.8 अंकों की कमी देखी गयी। जिला स्तर पर शौचालय कवरेज के मामले में 10 प्रतिशत की वृद्धि से शिशु मृत्यु दर में 0.9 अंकों की कमी और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 1.1 अंकों की कमी आयी है। शौचालयों की सुविधा से हर साल 60,000 से 70,000 शिशुओं की जान बचायी जा सकी।

बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन ने न केवल लाखों शौचालय प्रदान करके बल्कि शिशु और बाल मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी करके भारत पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। इस मिशन को अब दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे सफल सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में से एक माना जाता है। हालिया अध्ययन स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि स्वच्छता में सुधार सार्वजनिक स्वास्थ्य में, विशेष रूप से बच्चों के लिए काफी सुधार कर सकता है और एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज में योगदान दे सकता है।

## वज्रपात से महिला कमला देवी की मौत



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग राउत की माता कमला देवी 75 वर्ष की मौत शनिवार की अहले सुबह वज्रपात से हो गयी। उन्हें ईलाज हेतु तत्काल स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर उनकी मौत की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे मुखिया बेबी देवी, बुचूल राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, भाजपा नेता रवि पाल, जेएलकेएस के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# तालाब से मिला शव, हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

मृतक के परिजनों ने थाना में दिया था आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप आहर से एक व्यक्ति का शव शनिवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम ग्रामीणों द्वारा तालाब में शव देखे जाने के बाद आग की तरह फैल गयी। वहीं शव होने की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव को दिया गया। थाना प्रभारी के निर्देशानुसार थाना एस आई मृत्युंजय राय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव की पहचान कौआखोह गांव निवासी ब्रह्मदेव पांडे के लगभग 57 वर्षीय पुत्र नरेंद्र पांडे के रूप में की गयी। वहीं पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं शव देख ग्रामीण और परिजनों ने हत्या कर फेंके जाने की आशंका जतायी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र सत्य प्रकाश पांडे ने बताया कि हमारे पिता की हत्या कर दी गयी है। साथ ही पुछे जाने पर बताया कि किसी के साथ झगड़ा को लेकर पिताजी थाना में आवेदन भी देने गये हुए थे। इधर घटना के संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया गया है। नरेंद्र पांडे के द्वारा दिये गये आवेदन के संबंध में उन्होंने कहा कि नरेंद्र पांडे द्वारा मारपीट को लेकर गांव के ही ओमप्रकाश पांडे के नाम से आवेदन भी दिया गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं पर

# खेत में मिले महिला के शव के मामले में भवनाथपुर पुलिस ने किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** पिछले 4 सितंबर को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के ललहकी दामर टोला में एक खेत में मिले महिला के शव के मामले में भवनाथपुर पुलिस ने खुलासा किया है। महिला की हत्या करने के आरोपी मृतिका के भसुर बुधन भुइया और उसकी पत्नी तारा देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया की महिला का पहचान राजेंद्र भुइया की पत्नी लीलावती देवी के रूप में किया गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुसंधान को लेकर एक टीम गठित किया गया। गठित टीम जब मृतिका के घर पहुंचकर पूछताछ किया जिसके बाद मृतिका के भसुर बुधन भुइया ने स्वीकार किया की लीलावती देवी की हत्या किया है। उन्होंने बताया कि बुधन भुइया और उसकी पत्नी तारा देवी ने लीलावती देवी को पूर्व में लेनदेन के मामले पर गर्म पानी शरीर पर डालकर गला दबाकर हत्या किया और शव को खेत में फेक दिया था। आयोजित प्रेस वार्ता में भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, अनुसंधानकर्ता दिनेश कुमार, प्रदीप उरांव सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लमारी कला पंचायत में शनिवार को पीएम श्री उत्क्रमित हाई स्कूल के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ राकेश सहाय, प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पाण्डेय,मुखिया शशि कुमारी सहित कई अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किए।लमारी कला पंचायत में विभिन्न योजनाओं से जुड़े कूल 1603 आवेदन प्राप्त हुए। इस पंचायत में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना में 1220 आवेदन मिले हैं। मंईयां सम्मान योजना में 51, केसीसी के लिए 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना में 76, राशन कार्ड के लिए 17, मनरेगा योजना में 51, पेंशन के लिए 97, कृषि विभाग से जुड़े 3, स्वास्थ्य जांच 45, जेएसपीएलपीएस में 12, पेयजल व स्वस्च्छ्ता विभाग के लिए 29 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, सीआरपी प्रभु राम, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संध्या देवी ,कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पेंशन प्रभारी रहीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांप काटने से तीन बच्चों की हुई मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा नेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** चिनिया प्रखंड के चपकली गांव स्थित नावानगर टोला में गुरुवार रात विषैला सांप काटने से आदिम जन जाति परिवार के तीन बच्चों की मौत की घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सूरज गुप्ता उक्त गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिलकर दुःख व्यक्त करते हुए सूरज गुप्ता ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों का दुनिया से असमय चले जाना असहनीय पीड़ा है, यह प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अविलंब मृत बच्चों के अभिभावकों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा तथा अन्य सरकारी लाभ दें। उन्होंने घटना के बाद तत्काल राहत के रूप में प्रखंड प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया सहयोग को ऊंट के मुंह में जीरा कहावत बताते हुए कहा कि यह घटना इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना है। भाजपा नेता ने कहा कि मृतक के घर पहुंचने में डेढ़ किलोमीटर लगभग पैदल पगडंडी से जाना पड़ा आदिम जन जाति से भरा हुआ पेयजल स्वच्छता मंत्री के दावे का पोल खोलता है। श्री गुप्ता ने कहा कि लंबे-लंबे पोस्टर में सड़क निर्माण का प्रचार करने वाले स्थानीय मंत्री को एक बार चपकली गांव का नावानगर आकर आईने में विकास का चेहरा देखना चाहिए। भाजपा नेताओं ने नीजी तौर पर मृत बच्चों के आश्रित को यथासंभव आर्थिक सहयोग भी किया। आश्रितों से मिलने वालों में भाजपा नेता के के मेहता, पवन कुमार केसरी, मनोज गुप्ता, विलैती खैर पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि रवि प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता, दशरथ यादव, अयोध्या प्रसाद, हीरालाल प्रजापति, अरुण प्रसाद गुप्ता, विंध्याचल कोरवा, सुनील कोरवा, दीपक कोरवा, विरजन भुइंया, श्रवण कोरवा, समय लाल कोरवा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंडाल में स्थापित हुए भगवान गणेश




मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के हासनदाग गांव में बड़े धूमधाम से गणेश उत्सव मनायी जा रही है। शनिवार गणेश चतुर्थी से इसकी शुरूआत हुई। बजरंगबली मंदिर के पास बने भव्य पूजा पंडाल में बड़े ही उत्साह के साथ वैदिक मंत्रोंचार के बीच गनपती देव का पट्ट खोल खोला गया। पट्ट खुलते ही जयकारों से पूरा हासनदाग जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर काशी से आये विद्वान आचार्य पंडित श्री श्री 1008 विश्वाकांत पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान गणेश के प्राण प्रतिष्ठा करा कर पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान दिलीप चंद्रवंशी के अलावे अनेको श्रद्धालु सुनील रहे। यहां स्टूडेंट क्लब द्वारा विगत 10 वर्षों से मुंबई के तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जाता है। इस वर्ष कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल के तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया गया है जो इस क्षेत्र के लिए मशहूर है। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 11 दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन भव्य भंडारा के साथ प्रसाद वितरण किया जायेगा। गणेश चतुर्थी महोत्सव को सफल बनाने वालों में रमेश चंद्रवंशी, दिलीप विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, गोलू विश्वकर्मा, जितेंद्र चंद्रवंशी, उपेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश चंद्रवंशी पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, अर्केश चंद्रवंशी, कृष्णा विश्वकर्मा, दिनेश चंद्रवंशी, सरवन, राजन विश्वकर्मा, विजय चौधरी, प्रभु रजक, दीपक कुमार, एस कुमार शिवम, सर्वेश, राहुल, अनीश, ओम प्रकाश, मनीष ठाकुर आदि लोगों ने अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## रंका एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में दी जानकारी



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह पुलिस निरिक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने रंका कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को आपातकाल में सुरक्षा के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी असुरक्षा के स्थिति में आप 112 पर कॉल कर सकतीं है। रंका पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। वहीं आगामी 10 सितंबर 2024 को पुलिस जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन रंका अनुमंडल में किया जायेगा। जिसमें रंका अनुमंडल थाना पुलिस से संबंधित यदि किसी भी प्रकार की शिकायत हो जैसे थाना में जाने पर सुनवाई नहीं होना अथवा डांट कर भगा देना आदि का सुनवाई करते हुए इसका समाधान किया जायेगा। इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति के लिए व्यापक पैमाने पर रंका अनुमंडल थाना पुलिस करने में जुटी हुई है। इसके लिए बाजार परिसर, सार्वजनिक स्थानों, निजी व सरकारी प्रतिष्ठानों, वाहनों आदि में पोस्टर चिपकाने का काम किया जा रहा है, वहीं प्रचार वाहन के माध्यम से भी सुदूरवर्ती क्षेत्रों गांवों में भी रंका पुलिस प्रचार प्रसार कर रही है।

# भाजपा नेता ने खेल मैदान का भूमिपूजन नारियल फोड़कर किया



आजाद सिपाही संवाददाता

डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी न कहा कि यहां खिलाड़ियों की कमी नहीं है बल्कि संसाधनों की कमी है, गांव में खेल मैदानों की कमी है, यहां खेल मैदान का निर्माण व सुंदरीकरण होगा, जिससे खिलाड़ी अपने पंचायत स्तरीय से लेकर राज्य से देश स्तर पर प्रतिभा को निखारने में सहुलियत होगी, तथा अपने राज्य के प्रति खेल जगत में परचम लहरा सकते हैं।

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के ओबरा पंचायत के लोका गांव में शनिवार को भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने खेल मैदान का भूमिपूजन नारियल फोड़कर किया। इसके उपरांत उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां खिलाड़ियों की कमी नहीं है बल्कि संसाधनों की कमी है, गांव में खेल मैदानों की कमी है, यहां खेल मैदान का निर्माण व सुंदरीकरण होगा, जिससे खिलाड़ी अपने पंचायत स्तरीय से लेकर राज्य से देश स्तर पर प्रतिभा को निखारने में सहुलियत होगी, तथा अपने राज्य के प्रति खेल जगत में परचम लहरा सकते हैं। श्री चंद्रवंशी ने इस कार्य के लिए दो लाख रुपये नकद राशि की मदद किया। मौके पर मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, सोनू गुप्ता, मुंद्रिका चंद्रवंशी, भाजपा नेता वीर दुबे, संभू चौधरी, अजीत पासवान, अजय यादव, श्यामलाल पासवान, भोला यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कुल 515 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 56 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 459 आवेदन लंबित रहे

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया सुशीला देवी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कुल 515 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 56 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 459 आवेदन लंबित रहे। प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास योजना के 330 आवेदन, दाखिल खारिज से संबंधित 1 आवेदन, 15वें वित्त के लिए 1 आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 2 आवेदन, मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 16 आवेदन, नये जॉब कार्ड के लिये 29 आवेदन,नया राशन कार्ड व संशोधन के लिये 67 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना का 44 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये 5 आवेदन,पेयजल के लिये 7 आवेदन, कल्याण विभाग से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त हुये जब कि 12 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार , वेद प्रकाश, जेएसएलपीएस एसआरपी वाजदा खातुन, जाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

## उत्तरप्रदेश पुलिस और झारखंड पुलिस के बीच अपराध को लेकर अंतर राजकीय बैठक



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस और झारखंड पुलिस के बीच अपराध को लेकर अंतर राजकीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए दोनों राज्यों के पुलिस ने समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही गयी। साथ ही विभिन्न क्राइम पर चर्चा किया गया और आपराधिक और अवांछित को एक दूसरे के सहयोग से पकड़ने का भी निर्णय लिया गया। चुनाव भयमुक्त चुनाव के लिए दोनो में आपसी सहमति बनी साथ ही नक्सली एवम असामाजिक तत्व जो चुनाव में गड़बड़ी फैला सकते है उनसे निपटने का भी सहमती बनी। मौके पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, दुद्धी डीएस पी प्रदीप सिंह चंदेल, ओबरा डीएसपी हर्ष पांडे,विंधमगंज थाना प्रभारी, प्रमोद कुमार यादव, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित उत्तर प्रदेश और झारखंड के पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति का गठन, प्रेमसागर बने अध्यक्ष



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रेमसागर जायसवाल को अध्यक्ष, ओम प्रकाश एवं रमेश सोनी, आनंद सोनी को उपाध्यक्ष, दीनानाथ सोनी को सचिव, उपसचिव मुकेश सोनी को कोषाध्यक्ष भोला सोनी व रंजन सोनी, प्रवक्ता जितेन्द्र चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी घनश्याम सोनी, संजय प्रसाद मुख्य संरक्षक अरविंद जायसवाल, सुमेश सोनी, विनोद प्रसाद, नेपाल सोनी, नन्दलाल प्रसाद प्रसाद रामूप्रसाद, डॉ जितेंद्र कुमार, परशुराम प्रसाद, मुख्य सलाहकार राधेश्याम जायसवाल, अरुणदेव भगत, बिनोद प्रसाद केशरी, संदीप गुप्ता, नरेश सोनी, बसंत सोनी, पप्पू प्रसाद, रमेश प्रसाद, रामौतार प्रसाद को न्युक्त किया गया। नवगठित समिति ने शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण कराने, प्रसिद्ध कथावाचक से नवरात्रि के दौरान प्रवचन करने और विजयादशमी के दिन कन्या पूजन, हवन व भंडारा का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपरोक्त के अलावे निलम प्रसाद, सुबाष गुप्ता, अखिलेश पांडेय, रवि सोनी, सुजीत गुप्ता, राहुल प्रसाद,रिषु सोनी, भाष्कर सोनी आदि को दुर्गा पूजा कमेटी ने सदस्य बनाया।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, बसपा नेता समेत पांच घायल

घायलों में भवनाथपुर विस से बसपा के भावी विधायक प्रत्याशी पंकज कुमार चौबे, उनके पिता सुशील चौबे तथा दूसरे पक्ष के राहुल, मयकु बैठा और प्रवीण चंद्रवंशी का नाम शामिल है

आजाद सिपाही संवाददाता



### स्विफ्ट डिजायर कार से एक देशी कट्टा बरामद

इस मामले में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद स्विफ्ट डिजायर कार को पंकज चौबे द्वारा थाना लाया गया, जहां तलाशी के दौरान उक्त कार से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है, साथ दोनों पक्षों के द्वारा दिये आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गयी है।

**भवनाथपुर।** शुक्रवार की रात कर्पूरी चौक के समीप दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में कुल पांच लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष से भवनाथपुर विस के बसपा के भावी विधायक प्रत्याशी पंकज कुमार चौबे, उनके पिता सुशील चौबे तथा दूसरे पक्ष के राहुल कुमार, मयकु बैठा और प्रवीण चंद्रवंशी का नाम शामिल है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में एक दूसरे के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया। जब्त स्विफ्ट डिजायर कार से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है। पहले पक्ष के बसपा प्रत्याशी पंकज चौबे ने पुलिस को दिए आवेदन में जिक्र किया है, कि मैं शुक्रवार की रात करीब आठ बजे खाला खुटिया से चुनावी दौरा कर भवनाथपुर वापस आ रहा था। मेरे काफिले के कुछ वाहन पिछे रह गये, जिनका इंतजार मैं छमईलवा कड़िया धाम के समीप कर रहा था, इसी दौरान एक तेज गति से आ रहे स्विफ्ट डिजायर वाहन जिसका संख्या JHOIFN-7180 गाड़ी मुझ पर चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन किसी तरह मैं बच गया। उक्त गाड़ी में सवार सिंघीताली निवासी राहुल बैठा, प्रवीण चंद्रवंशी तथा दो अज्ञात युवक गाड़ी के खिड़की से हाथ निकालकर पिस्टल दिखाने लगा तथा गाली गलौज करते कहा कि आज बच गया, अगली बार नहीं बचेगा। इसके बाद घटनास्थल पर खड़ा मेरा स्कॉर्पियो JHOIFM0014 को धक्का मारते हुए उपरोक्त लोग तेज गति से भागने लगे, उनका पिछा करते हुए कर्पूरी चौक के समीप पहुंचे, जहां वें सभी गाड़ी चालू हालत में छोड़कर भाग गये। इसकी सूचना थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक गढ़वा को फोन के माध्यम से सूचित करने के बाद तत्काल पुलिस के तत्परता से स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। कहा कि जब हम थाना में आवेदन लिखा रहे थे, तभी मयकू बैठा आया और गाली गलौज करने लगा तथा धमकी देते हुए बोला कि दोनों बाप बेटा को छूरा घोप कर मार देंगे, साथ ही मारपीट शुरू कर दिया, जिसमे मेरा और पिता के उंगली में गंभीर चोट लगी है। जबकि दूसरे पक्ष के मयकू बैठा ने भी थाने में आवेदन देकर नामजद व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

आवेदन में पीड़ित ने जिक्र किया है, कि मेरा नाती राहुल कुमार व उसका साथी प्रवीण चंद्रवंशी अपने निजी वाहन से शुक्रवार की शाम नगर उंटारी से भवनाथपुर आ रहा था, तभी बसपा नेता पंकज चौबे और उनके पिता सुशील चौबे बीच जंगल में अपनी गाड़ी से ओवरटेक कर उन्हें रोकने की कोशिश की। अनहोनी की आशंका को देखते हुए मेरा नाती तेज गति से गाड़ी दौड़ाता हुआ भवनाथपुर कर्पूरी चौक पहुंचा, जहां पीछा करते हुए पंकज चौबे और सुशील चौबे भी पहुंचे और जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मेरा नाती राहुल और उसके दोस्त प्रवीण को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिए। जब मुझे इसकी जानकारी मिली, तो मैं थाना पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी से बातचीत कर ही रहा था, कि थाना में पहले से मौजूद पंकज चौबे ने पुलिस कर्मी के सामने ही मुक्के से मारकर मेरा सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने आवेदन के माध्यम से उक्त दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. Dated 22.08.2024 .I MD RIYASAT ANSARI, S/O MD SULTAN MIYAN, aged about 37 Years, Resident of Palihari Gurudih, Latkutta, Post- Gomia, P.S.- L.E.L. Gomia, District- Bokaro (JhGkhand) Pin-829111 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my nationality is Indian. 2. That, in my Aadhar card vide no. 9168 0564 1518 and PAN no.- AFZPA1331A my name is dentioned as MD RIYASAT ANSARI, but in my Joint Bank account with my wife of Bank of India branch Gomia vide Account no.- 481110100013271 my name is as RIYASAT ANSARI. 3. That, MD RIYASAT ANSARI and RIYASAT ANSARI both name same and one person i e myself. 4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as MD RIYASAT ANSARI in place of RIYASAT ANSARI

5. That, all contents made above are true and correct to the best of my knowledge and belief. If found false then I laiable to punish according to law. 6. That. I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose.

## पिपरवार और खलारी में धूमधाम से मनायी जा रही है गणेश पूजा

# गणपति बप्पा मोर्या के जयकारों से गूंजा कोयलांचल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे गणेश पूजा धुमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कालोनी मे तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का शनिवार को शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोल दिया गया। पट खुलने के साथ ही गणेश भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तो की काफी भीड़ देखी गयी। मौके पर श्रद्धालु भक्तो के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश पूजा महोत्सव पर भक्ति जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। 09 सितम्बर को हवन यज्ञ के साथ इसका समापन किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के कई लोग मौजुद थे। इधर सीआईएसएफ आवासीय परिसर में भी गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार की सुबह विधिवत पूजा अर्चना के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद गणेश भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। गणेश पूजा मे सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी और जवान सपरिवार शामिल हुए। वही बेती पंचायत मे भी गणेश पूजा धुमधाम के साथ मनाया जा रहा है। पूजा के बाद श्रद्धालु भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समिति के सुनील केशरी के नेतृत्व मे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर बचरा बाजारटांड़ मे सन क्लब द्वारा गणेश पूजा की शुरूआत की गयी। पूजा को लेकर आकर्षक पंड़ाल का निर्माण कराया गया, जिसमे भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गयी है। पूजा समिति के सदस्यो ने बताया कि तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव के दौरान कई भक्ति कार्यक्रम सहित महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।









### खलारी पहाड़ी मंदिर में श्रीगणेश पूजा के साथ हुई शुरू

**खलारी।** खलारी क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर प्रांगण में श्रीगणेश पूजा समिति नवयुवक संघ खलारी के द्वारा शनिवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गणेश पूजा की शुरूआत हुई। पूजा पंडाल का उद्घाटन कांग्रेस नेता चंदन बैठा और झारखंड प्रदेष कांग्रेस लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा ने फीता काटकर किया। इस दौरान पूजारी बृजराज दुबे एवं सवानंद दुबे के द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक स्वस्तिवाचन के बाद पट खोला गया। रमन सिंह बंटी, अर्जुन एक्का, बबलू, डिजु रजक, मोनू महतो, विनीत कुमार, रमेश गिरी, मनीष, विकास, नागेंद्र सिंह, रौशन लाल, रंजन सिंह, राजा केशरी, अमन यादव, राजमुनि देवी, कमली देवी, विजया कुमारी, पुष्पी उपस्थित थे।

## तीन योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू में 46 लाख की लागत से जिला योजना मद से तीन योजनाओं का विधायक ने शिलान्यास किया। नवाडीह विधालय में दो कमरा एदलहातु पंचायत के जोजोदा गांव में पीसीसी पथ डमारी गांव में पीसीसी पथ का निर्माण होगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आनेवाले छह महीनों में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी अधूरे कार्य को पूरा करेगे आगे उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में विकास के जितने कार्य हुए हैं। उतना पहले कभी नहीं हुआ। मौके पर बुंडू प्रमुख फेकला गोंझू, प्रदीप मुंडा जगलाल मुंडा, लाल सिंह मुंडा, सनिका मुंडा कालेश्वर मुंडा, गिरीश मुंडा, आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के तिरिलपिड़ी कांकीबेड़ा चौक में शनिवार को रूसु मुंडा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ईचागढ़ विधानसभा के लोकप्रिय समाजसेवी झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम उपस्थित हुए। बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव तथा ज्वलंत मुद्दों पर विचार मंथन किया गया। ग्रामीणों ने बताया की हेंचाकोचा पंचायत अंतर्गत टोला केन्दगोड़ा में सड़क चलने लायक नहीं है। जिससे गांव के लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने गांव में सुखराम हेंब्रम से बिरसा मुंडा की मुर्ति की स्थापना करने की मांग की। सुखराम हेंब्रम ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया वे अपने निजी स्तर से जल्द ही सड़क की मरम्मती करायेंगे तथा 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का मुर्ति विधिवत रूप से स्थापित की जायेगी।

## 10 सितंबर को चांडिल आयेंगे सीएम हेमंत सोरेन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चांडिल प्रखंड के डोबो काजू मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आयेंगे। वही मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण भी करेंगे। साथ ही विशाल जनसभा को संबोधित भी करेगें। जिसमें अनेको लाभान्वित लोग तथा पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद होगें। इसकी जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सोशल मिडिया प्रभारी सुदामा हेंब्रम ने दी।

## दिउड़ी मंदिर में तालाबंदी, दो आरोपी गिरफ्तार किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ दिउड़ी मंदिर में गत पांच सितंबर को आदिवासी संगठन द्वारा दिउड़ी मंदिर में ताला लगा दिया गया था। पुलिस प्रशासन ने ताला काट कर पूजा करवाया फिर मंदिर परिसर में ग्राम सभा की बैठक की गयी। एसडीओ बुंडू ने माईक द्वारा घोषणा कर निषेधाज्ञा 11 बजकर पच्चीस मिनट में लगा दिया गया था। इस संबंध में तमाड़ थाना में 20 नामजद एवं 100 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया था। तमाड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्ण चंद्र मुंडा और राधाकृष्णन सिंह मुंडा को गिरफ्तार किया है। उसे सुबह न्यायलय में भेजा जायेगा। हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर बुंडू तमाड़ बंद किया था। आस्था के इस मंदिर में ताला बंद करने को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। पुलिस प्रशासन मंदिर की सुरक्षा में लगी है। इधर पुलिस प्रशासन के लिगल एडवाइजर रितेश जायसवाल ने ग्रामसभा को बताया था कि ग्रामसभा 2021 में हाइकोर्ट से मुकदमा हार चुकीं हैं फिर ऐसी जबरन हस्तक्षेप का कोई औचित्य नहीं है।

## जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने किया सोलर प्लांट उद्घाटन कार्यक्रम का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कारो गांव में नवनिर्मित सोलर प्लांट के उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विस्थापित ग्रामीणों ने कार्यक्रम का विरोध किया। इस समारोह के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विस्थापित ग्रामीणों को आमंत्रित नहीं किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर जमकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पिपरवार क्षेत्र के बहेरा, कारो, राजधर, चिरैयांटांड़, बिलारी व किचटो के ग्रामीण सोलर प्लांट के बाहर खड़े होकर एक स्वर में कार्यक्रम का विरोध किया। इस संबंध में जेबीकेएसएस के जितेंद्र कुमार ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के समय सीसीएल प्रबंधन विस्थापित ग्रामीणों के घर-घर जाकर रैयतो से बातचीत करती है और स्थानीय ग्रामीणों की भूमि पर जब सोलर प्लांट बनकर तैयार हो जाता है तो स्थानीय ग्रामीणों के अलावे जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाता है। केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री, स्थानीय सांसद और विधायक से संबंधित राजनीतिक दलों के लोगों को सिर्फ कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया,जिससे स्थानीय ग्रामीण और जल प्रतिनिधियों में आक्रोश देखा जा रहा है। सबका साथ सबका विकास की बात करने वाले भारत सरकार से मेरा कहना है कि जिस तरह से ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण किया गया और उनका अधिकार दिए बिना सोलर प्लांट का उद्घाटन करना बहुत गलत बात है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने से जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण अपनी बातों और समस्या को केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री से अवगत नहीं कर सके। विरोध करने वालों में बहेरा मुखिया रेखा कुमारी, किचटो मुखिया पति अंगद महतो, जितेंद्र कुमार, रमेश मुंडा, श्रवण महतों, अनिल ठाकुर, अनूप उरांव, तपेश्वर गंझु, अनिल महतो, प्रियंका देवी, बसंती देवी, कांति देवी, अर्चना देवी, एटवारी देवी, सनिचरी देवी, दसरथ महतो सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।



## 23 पंचायत का राजकीय अस्पताल में न इसीजी मशीन है, न एक्स-रे मशीन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के 23 पंचायत का राजकीय अस्पताल में न इसीजी मशीन है न एक्स-रे मशीन ही है। इसके अलावे इस अस्पताल के अंतर्गत पांच अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र है पुणडीदीरी राबो उलीलोहर डोरेया व सारजमडीह है जहां डाक्टर है लेकिन भगवान भरोसे चल रहा है सारजमडीह में अस्पताल का भवन बनके एक वर्ष हो गये उद्घाटन की बांट जोह रहा है तमाड़ राजकीय अस्पताल में एक दर्जन से अधिक डाक्टर है, लेकिन आयुर्वेद डेंटिस्ट होमियोपैथी चिकित्सक ओपीडी में बैठकर रोगी देखते हैं। जबकि इन डाक्टरो को एलोपैथिक दवाओं की जानकारी नहीं है। ये सभी अनुबंध पर काम करते हैं। एमबीबीएस डाक्टरों की कमी है। जांच के नाम पर सिर्फ रुटीन जांच बीपी सुगर हेमोगोलोबिन मलेरिया व एचआईवी की जांच की जा रही है। जो घरों में भी लोग इसकी जांच करने लगे हैं अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सावित्री कुजुर से इस संवाददाता ने रात आठ बजकर बीस पर उनके मोबाइल पर फोन किए तो वे रिसीव नहीं किए ये बानगी है अस्पताल प्रबंध कारिणी समिति है जिसके विधायक अध्यक्ष हैं सिर्फ कागजों में चल रहा है विधायक ने तमाड़ अस्पताल को एक एंबुलेंस दिया था। जो अब दिखाई नहीं पड़ता है। कहां है इसकी जानकारी अस्पताल को नहीं है।

## खलारी प्रखंड से बेरोजगारों का बायोडाटा एकत्रित करेगी आजसू : विकास कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड से सभी बेरोजगारों का बायोडाटा एकत्रित किया जायेगा। इस संबंध मे जानकारी देते हुए आजसू खलारी प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार चैहान ने बताया कि एकत्रित बेरोजगारों का बायोडाटा 08 सितम्बर को रांची ध्रुवा स्थित प्रभत तारा मैदान में आयोजित झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा के माध्यम से मौजूदा सरकार को सौंपने का काम किया जायेगा। चैहान ने कहा कि रइस अभियान के माध्यम से राज्य सरकार को बताया जायेगा कि झारखंड राज्य में कितने बेरोजगार है और साथ ही सरकार के 5 लाख सरकारी रोजगार देने के वादे को याद दिलाया जायेगा।



## कांग्रेस नेता चंदन बैठा का खलारी दौरा के क्रम में हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** कांके विधानसभा के इंडिया गठबंधन के संभावित उम्मीदवार एवं कांग्रेस नेता चंदन बैठा का षनिवार को खलारी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दौरे के दौरान सर्वप्रथम चंदन बैठा पहाड़ी मंदिर पहुंचे जहां उन्होने पुजा अर्चना किया। इस दौरान मंदिर परिसर में गणेश पजा के पंडाल का उद्घाटन चंदन बैठा एवं झारखंड प्रदेष कांग्रेस लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उसके बाद केडी अंबेडकर चैक पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर चंदन बैठा के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं अंबेडकर चैक पर ही सैंकड़ों लोगों ने चंदन बैठा एवं राजन सिंह राजा का जोरदार स्वागत करते हुए दोनों नेताओं को फुल मालाओं से लाद दिया। तत्पश्चात दौरे के अंत में चंदन बैठा एवं राजन सिंह राजा के द्वारा नया बस्ती स्थित बाबा कांप्लेक्स में मिशन कांके विधानसभा का वार रूम कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पुरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदन बैठा, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, रंजन सिंह बिट्ठू, रवींद्रनाथ चैधरी, मोनू सिंह, सुरेंद्र चैहान, बंटी सिंह, विक्की सिंह, साजन राठौड़, रौशनलाल, रमेश चैहान, टुन्नू साव, राजेश तुरी, फिरोज अंसारी, मनोज तुरी, सुरेंद्र यादव, रवि उरांव, मोनू रजक, राजा केशरी, सतेंद्र खरवार, अशोक कुमार, पवनराज सिंह, बबलू सिंह, विजय तुरी, अशोक तुरी, श्यामजी महतो, मनोज भुंइया, गंगा बैठा, विकास कुमार, सुरज राम, शुभम सिंह, गोल्डी, राजेंद्र प्रसाद, धीरज बहादुर, मनीष भुंइया, अर्जुन लोहरा, हजरत अंसारी, अजमूल अंसारी, बालचंद मुंडा, मुन्ना देवी, प्रतिमा एक्का, उपमुखिया नीलम मिंज, इरीना मिंज, सविता देवी, पूनम मंगरी, उरांव मिनी, कृपा एक्का, राय मनी देवी, वासु देवी, बासु देवी, सुनीता गोप, अनुराधा देवी, रीता देवी, उमा देवी, सायरा खातून, शकीला खातून, सालों खातून, आयशा खातून, अजमेरी खातून, अनिता देवी, पुंतु देवी, नीरू देवी, फूल कुमारी देवी, अग्नि देवी, सुरजी देवी, लखवा देवी, प्रीति शर्मा, सिलना खलखो, रुक्मणी लोहार सहित अन्य उपस्थित थे।



## श्राद्धकर्म में शामिल हुए राजा पीटर के समर्थक



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** गोपाल कृष्ण पातर ऊर्फ राजा पीटर के समर्थक तमाड़ के मानिकाडीह निवासी स्व मंगल लोहरा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। पूर्व मंत्री राजा पीटर के समर्थक मृतक के परिवार वालों से भेंटकर राजा पीटर की और से शोक संवेदना व्यक्त कर कहा की दुख के इस घड़ी में राजा पीटर आपके परिवार के साथ हैं। साथ ही परिजनों से कहा कि आगे जब जरूरत होगी राजा पीटर आपलोगों के साथ रहेंगे। मौके पर बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडेय संजय दास अनंत सेठ घासीराम महतो मुचीराम लोहरा एतवा मुंडा विकास सेठ सहित मृतक के इष्ट मित्र कुटुंब व ग्रामीण मौजुद थे।

## दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, अध्यक्ष उदय सिंह और सचिव बने अभिषेक सिंह विक्की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति खलारी बाजारटांड की बैठक राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संरक्षक बलराम सोनी, ज्ञानचंद प्रसाद, बंशी अग्रवाल, रामनाथ सिंह, राजकुमार सिंह, गोपाल गुप्ता, कृष्णा रजक, मनोज गोयल, हुटाप पंचायत मुखिया शिवरत मुंडा, पूर्व मुखिया आशा देवी, नागदेव सिंह, श्याम लोहारा, अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, रोहित गुप्ता, मयूर गंझू, सचिव अभिषेक सिंह विक्की, सहसचिव सत्यदेव वर्मा साधु, रंजन सिंह, टिबू गंझू, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता, निर्णायक कमेटी में राजकुमार गुप्ता, दीनानाथ सिंह, श्रीकांत सिंह, अनिल गुप्ता, पवन गुप्ता, महेश गोयल, संतोष गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह के अलावा रोशन साव, विक्रम साव, शक्ति सोनी, राकेश गुप्ता, सुरेंद्र सिंह नेपाली, रितेश नाम शामिल है।

## लिटिल स्टार एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** लिटिल स्टार एकेडमी मैकलुस्कीगंज में शनिवार की शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित गया किया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक शेखर बोस तथा विशिष्ट अतिथि समाज सेवी जितेंद्र नाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच संचालन का शिक्षिका प्रेरणा गिरि ने किया। मुख्य अतिथि शेखर बोस ने सभी शिक्षकों प्रोत्साहित करते हुए कहा सर्व पल्ली राधा-कृष्णन भारत का प्रथम उप राष्टपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति थें। उन्हें भारतीय दर्शन और संस्कृति में आदर्श प्रेम और भक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। कृष्ण न केवल एक आदर्श पुरुष थे, बल्कि एक महान दार्शनिक भी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय के मंच निमार्ण की घोषणा की। प्राचार्या अमृता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर एकेडमी में शिक्षक लाल किशोर यादव शिक्षिका सुनीता चैरसिया, सुमन कुमारी, सोनाली कुमारी, माधूरी गिरि अलावा सुनिल गिरि प्रदीप यादव, मनोहर यादव साहित अभिभावक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## खलारी बाजारटांड़ में करमा मिलन समारोह 15 को



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बाजारटांड स्थित बहेराटांड में करमा पूजा उत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता बाबूलाल गंझू ने की। बैठक में पूरे धूमधाम से करमा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खलारी के पेट्रोल गोदाम में करमा मिलन समारोह 15 सितंबर को मनाया जायेगा। इस मिलन समारोह में क्षेत्र के विभिन्न करमा पूजा समिति के खोड़हा टीम भाग लेंगे और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। जिसे आयोजन समिति के द्वारा टीमो को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में बबलू गंझू, गोविंद भोगता, राहुल गंझू, विजय गंझू, सोनू उरांव, अजय गंझू, रोहित गंझू, विकास गंझू, आतिश मुंडा, पवन, निखिल, अनिल गंझू, सहेश, पिंटू, बंटी उरांव, व ग्रामीण उपस्थित थे।

## डकरा में गणेश पूजा धूमधाम से हुई शुरू

**खलारी।** डकरा में शनिवार से श्री गणेष पूजा समिति के तत्वाधान में हर साल की भांति इस बार भी आकर्शक बने पंडाल में भगवान गणेष प्रतिमा को स्थापित कर गणेष पूजन की शुरूआत हुई। मोके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह ने गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। पूजा पंडाल उद्घाटन होते ही सभी श्रद्धालुओं के द्वारा गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारे लगाये गये। छह दिनों तक चलने वाले इस पूजन के पहले दिन पंडित विजय के द्वारा गणेष चतुर्थी पूजन विधि पुर्वक कराया गया।

## जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सतीश चंद्र दुबे से मिलकर 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा

**20 लाख ग्रेच्युटी से वंचित है उन्हें राशि दिलाने की मांग की गयी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** जनता मजदूर संघ अध्यक्ष और सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को संघ का एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिलकर उन्हें 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्यों ने सीसीएल क्षेत्र में उनका स्वागत करते हुए बताया कि जेबीसीसीआई में तय मामले कोल इंडिया में अक्षरशः पालन नहीं होता जैसे 9.4.0 के तहत मिलने वाली नौकरी अघोषित रूप से बंद है। सीएमपीएस-98 स्कीम के तहत प्रत्येक तीन वर्षों में पेंशन बढ़ोतरी प्रवधान को लागू किया जाये, सीपीआरएमएस-एनई स्कीम में सुधार के लिये वित्तीय सहायता दी जाए, कोल इंडिया सीसीएल भूमि मुवावजा पुर्नवास नीति का संशोधन किया जाये ताकि नये प्रोजेक्ट के विस्तारीकरण हेतु कम्पनी को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के प्रतिं रैयतों में और विश्वास जगे। साथ ही सीसीएल के एनके एरिया का एक मामले की जानकारी भी उन्हें दी गयी। वहीं स्थानीय कोयला कर्मियों के वैसे चिकित्सक बच्चे जो किसी अन्य क्षेत्रों में प्रैक्टिस कर रहे हैं उन्हें एक नियम बनाकर सीसीएल अस्पतालों से जोड़ा जाए ताकि क्षेत्रों में चिकित्सक की कमी को दूर किया जा सके, 2017 से मार्च 2018 के बीच लगभग 19 हजार सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी 20 लाख ग्रेच्युटी से वंचित है उन्हें राशि दिलाने की मांग की गयी। एमडीओ मोड् पर रेवेन्यू शेयर के आधार पर खदानों को आवंटित करना बंद किया जाये, कोल इंडिया में भी समान काम के बदले समान वेतन का नियम लागू किए जाने संबंधित सुझाव और मांग की गयी। इस अवसर पर यूनियन के एनके एरिया अध्यक्ष गोल्टेन प्रसाद यादव, आनंद कुमार सिंह, मंतोष सिंह भी मौजूद थे।



## कांगेस नेत्री इंदिरा देवी ने झारखंड सह-प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलका से की मुलाकात

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस भवन में शनिवार को झारखंड प्रदेष कांग्रेस सचिव इंदिरा देवी तुरी ने पार्टी के झारखंड सह-प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलका और डॉक्टर बेला प्रसाद से औपचारिक मुलाकात की। वहीं इंदिरा देवी तुरी ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों को जानकारी दी गयी कि कांके विधानसभा सीट से 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दलित महिला का नाम नहीं भेजा गया है।



## बेड़ो में खुला गणपति बप्पा के पूजा पंडाल का पट, दर्शन की उमड़े श्रद्धालु



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में बेड़ो के महावीर चौक थाना परिसर में आयोजित पांच दिवसीय गणपति बप्पा महोत्सव के पहले दिन शनिवार को भगवान गणपति बप्पा की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा हुई। वहीं शाम को पूजा पंडाल का उद्घाटन भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत शिवसेना के धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, जगरनाथ भगत, अनिल उरांव आदि ने सामूहिक रूप से किया। इधर श्री राधे कृष्ण युद्ध संगम के तत्वाधान में महादानी मैदान में भव्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें आकर्षण का केंद्र बड़ा झूला, ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ड्रैगन ट्रेन, नौका झूला आदि रहा। मेला के दौरान महिलाओं व बच्चों के लिए मीना बाजार भी लगाया गया है। इसके अलावा मेला में ग्रामीण बॉम्बे का लड्डू व पॉपकॉर्न का भी लुत्फ उठा पाएंगे। गणेश पूजा के आयोजन को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, लकी कुमार, अमन गुप्ता, अजय कुमार साहू, अभिनव गुप्ता, अमित नायक, सचिन कुमार, प्रेम कुमार, उत्तम सोनी, प्रीतम कुमार, आशीष सोनी, राकेश साहू, परमेश्वर प्रजापति, आकाश रक्षित, सुशांत कुमार राय व अतुल प्रसाद आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## नगड़ी में गणेश पूजा की धूम



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी सहित आसपास के इलाकों में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आकर्षक और भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर शनिवार से उनकी पूजा धूमधाम से की गई। एसएस स्पोर्टिंग क्लब, सिद्धि विनायक गणेश पूजा समिति, उपकार क्लब, स्वर्ण रेखा चौक गणेश पूजा समिति और नारों गणपति पूजा समिति की ओर से आकर्षक और भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं। उधर, दोपहर बाद पूजा पंडालों के पट खुलते ही आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वहीं, मेला टिकरा के समीप स्वर्ण रेखा चौक गणेश पूजा समिति के पंडाल में 48 घंटे का अखंड अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया है।

## प्रेम प्रसंग में किशोर ने की आत्महत्या

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के कुलगू झरिया टोली गांव में प्रेम प्रसंग में एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान रोहित नायक (16) के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक रोहित का एक नाबालिग लड़की से कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार अपराह्न तीन बजे रोहित नाबालिग लड़की के साथ गांव से सटे जंगल में गया था। जहां उसका फोन से बात नहीं करने को लेकर लड़की से विवाद हुआ और वहीं दुखू कुजूर के एक खाली पड़े खंडहरनुमा मकान में चला गया। वहां एक कमरे में घुसकर तार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना नाबालिग लड़की ने ही ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण वहां पहुंचे और बंद दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसकर किशोर को फांदे पर लटका देखा। तुरंत इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी गयी। कुछ देर में ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को नीचे उतारा। उसका पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। इधर, मृतक के पिता रूणा नायक ने हत्या की आंशका जाहिर करते हुए पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं नगड़ी थाना प्रभारी ने नाबालिग लड़की को थाना बुलाकर पूछताछ करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक नगड़ी थाना में केस दर्ज नहीं किया गया था

## द्वारसिनी गणेश मंदिर में आदिकाल से स्थापित है भगवान गणपति की प्रतिमा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित पौराणिक द्वारसिनी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी पर शनिवार को पूजा अर्चना की गई। गांव वालों की पहल पर यहां चौथी बार गणेश चतुर्थी की पूजा की गई। जिसमें गांव वालों ने कैलाश कुमार के नेतृत्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कैलाश कुमार ने बताया कि यहां भगवान गणेश की प्रतिमा आदि काल से स्थित है। जो देखरेख के आभाव में जर्जर अवस्था में थी। आवागमन के लिए रास्ता भी नहीं था। चार वर्ष पूर्व यहां साफ-सफाई कर पूजा की शुरूआत की गई थी। पूर्व विधायक गंगा टाना भगत द्वारा मूर्ति स्थल में एक मंडप का निर्माण कराया गया और आवागमन के लिए रास्ता का भी निर्माण कराया गया। जिससे श्रद्धालुओं मंदिर तक पहुंचना आसान हो गया। स्थानीय लोगों की मानें तो इस मंदिर की पौराणिक मान्यता है कि यह मंदिर बेड़ो महादानी मंदिर के समय का है। जिसमें पहान प्रति वर्ष पूजा करते आ रहे हैं। पर कोई देख रेख करने वाला नहीं था, क्योंकि आवागमन का साधन नहीं था। पूजा में जितेंद्र पाठक, पंसस राखी भगत, विष्णु महतो, सोहन महतो, श्रवण कुमार, मोहन महतो, बजरंग महतो, बलदेव महतो, जागेश्वर महतो, छोटू, प्रवीण, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसवीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खटंगा पंचायत में चल रही प्रेरणा क्लब खटंगा पंचायत फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ भी शामिल रहेंगे। वहीं, शनिवार को टूर्नामेंट के चार मैच खेले गये। इसस दौरान कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम के साथ एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम भी उपस्थित थे। जिन्होंने मैच की शुरूआत खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। बतादें कि रविवार की सुबह 11 बजे से पहला सेमीफाइनल मैच और दोपहर 1 बजे से दूसरा मैच खेला जाएगा। जिसके बाद दोपहर 3 बजे से सेमी फाइनल में जीती हुई दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच होगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्लब के संरक्षक सह भाजपा नेता संजीत सिंह, सदस्य उमेश लोहरा, अरविंद महतो, आकाश उरांव, रमेश मुंडा, सुर्दशन गोप आदि लगे हुए है।

### राज्यसभा सांसद ने रखी कई विकास योजनाओं की आधारशिला

# जहां भाजपा की सरकार वहीं विकास है : प्रो आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



आधारशिला रखते राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू। साथ में हैं जैलेंद्र कुमार और अन्य।

**अनगड़ा।** राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने शनिवार को अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। सभी का निर्माण सांसद निधि की राशि से किया जाएगा। गेतलसूद तालाब, अनगड़ा आरटीसी, नारायण सोसो व चतरा में पीसीसी पथ व तुरूप में शमशान शेड निर्माण की आधारशिला रखी गयी। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा व विकास पर्यायवाची है। जहां भाजपा की सरकार है वहीं विकास है। अन्य सरकारें सिर्फ वोट की राजनीति करती है। झारखंड की हेमंत सरकार ने पांच साल कुछ नहीं किया। चुनाव से कुछ दिन पहले काम करने की सिर्फ घोषणा कर रही है, ताकि जनता को भ्रमित कर फिर से वोट लिया जाए। कांग्रेस व झामुमो की इस ठग नीति की जानकारी भाजपा हर घर तक पहुंचाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, भाजयुमो उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, जगेश्वर महतो, संजय नायक, राजेन्द्र महतो, नरेश साहू, कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, गेतलसूद उपमुखिया शंकर बैठा, राजन महतो, शिकारी महतो, सीताराम मुंडा, अमित गोस्वामी आदि थे।

## सेक्स वर्करों को सामाजिक, मानसिक व कानूनी रूप से किया गया जागरूक

**सृजन फाउंडेशन ने डालसा के सहयोग से किया कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शनिवार को कचहरी चौक स्थित होटल राज रेजिडेंसी में सेक्स वर्करों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें लगभग 30 सेक्स वर्करों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन ज्वाला शक्ति समूह (सृजन फाउंडेशन) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, साईकियाट्रीक डिपार्टमेंट, रिनपास के डॉ मनिषा किरण, महिला थाना प्रभारी, प्रिया साव, डीसीपीयू के प्रोटेक्शन ऑफिसर अलकमा सिकंदर, श्रीजन फाउंडेशन के निदेशक सोपन मन्ना, एक्टिव कार्यकर्ता पूष्पा शर्मा, एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, बाल कल्याण समिति सदस्य अंशुमाला कर्ण, विनय कुमार श्यामा, पैनल अधिवक्ता, सोषण नाग, ममता कुमारी, आरती ललन गुप्ता, उर्मिला रोशन एक्का, पुष्पावति कुमारी एवं पीएलवी उपस्थित थे। स्वागत भाषण डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने दिया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बुद्धदेव कर्मास्कर बनाम यूनियम ऑफ इंडिया में दिये गये आदेश पर चर्चा करने की बातें कही। वहीं, बाल कल्याण समिति के अंशुमाला कर्ण ने कहा कि ऐसे यौनकर्मी जो अपने बच्चों का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे है और उन्हें अच्छी शिक्षा देने में सक्षम नहीं हैं। सीडब्ल्यूसी से संपर्क कर स्पॉनसरशिप योजना का लाभ ले सकते है। रिनपास की साईकियाट्रीक डॉ मनिषा किरण ने कहा कि शारीरिक रोग होने से उसका सहज पता लगाया जा सकता है, लेकिन मानसिक रोग का आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता। इसके लिए रिनपास सदैव कार्यरत है। कहा कि काउंसेलिंग के माध्यम से बीमारी का पता लगाया जा सकता है और उसका समाधान भी किया जाता है। उन्होंने सभी सेक्स वर्करों के साथ अपना हेल्पलाईन नंबर साझा किया और फोन पर भी काउंसेलिंग की उपलब्धता के बारे में बताया। वहीं, सृजन फाउंडेशन की एक्टिव कार्यकर्ता पुष्पा शर्मा ने रांची में रह रहे सेक्स वर्करों के कल्याण के लिए किये गये कार्यों की चर्चा की। वहीं सेक्स वर्करों के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, स्पॉसर स्कीम, सेक्स वर्करों के बच्चों को आवासीय विद्यालय में दाखिला से संबंधित व सेक्स वर्करों के अधिकारों के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी। महिला थानेदार प्रिया साव ने कहा कि नये कानून में महिलाओं को अनेक अधिकार दिये गये है। इसमें जो बदलाव किए गए हैं इसके अंतर्गत आप किसी भी जिला या राज्य से किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। इसे जीरो एफआईआर कहा जाता है। उन्होंने सेक्स वर्करों से कहा कि अगर आपके साथ किसी तरह का कहीं अत्याचार होता है तो महिला थाना आपकी मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने अपना हेल्पलाईन नंबर भी साझा किया और नाम गुप्त रख कर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश सिन्हा ने सेक्स वर्करों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया और संविधान द्वारा प्रदत्त आर्टिकल 14, 19 एवं 21 में दिये गये व्यवसाय के अधिकार, मानव गरिमा के साथ जीने के अधिकार और कानून में समानता के अधिकार को लेकर विस्तृत जानकारी दी। बाद में सभी सेक्स वर्करों ने एक-एक कर अपनी समस्याओं को मंच पर रखा, जिस पर संज्ञान लेते हुए इसके निराकरण को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा शर्मा ने दिया।

## दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर 95 हजार की ठगी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत संत नगर झिरी निवासी उत्तम कुमार से दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर 98 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मानला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी ने रातू थाने में ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक उत्तम के मोबाइल नंबर 9711025056 पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का एक बड़ा अधिकारी होने की बात कह कर बात की। बताया कि उसके बैंक खाते में 25 लाख रुपये का अवैध लेन-देन हुआ है। उसका फोन दिल्ली साइबर क्राइम ब्रांच को फारवर्ड किया जा रहा है। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने उससे बात की। जिसने अपना नाम दिल्ली क्राइम ब्रांच का सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार बताया। उसने उससे घंटों पूछताछ की। वहां और तीन-चार लोग थे, जो खुद को साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता रहे थे। सभी ने बारी-बारी से 25 लाख रुपये के लेन-देन के बारे में पूछताछ की। दूसरे दिन यानी पांच सितंबर को दोबारा फोन आया और कानून का भय दिखाकर 15 हजार रुपया उससे ट्रासंफर करा लिया। उसके बाद फिर से दो बार में 40-40 हजार रुपया अपने खाते में मंगवा लिया। इसस तरह कुल 95 हजार रुपया की ठगी की गयी। उत्तम को जब ठगी का एहसास और उसने दोबारा उन्हें फोन किया, तो उनका फोन बंद मिला। इसके बाद 1930 पर डायल कर शिकायत की और रातू पुलिस को जानकारी दी।

### जरिया में करम पूर्व संध्या का आयोजन, शामिल हुईं मांडर विधायक

# आदिवासी प्रकृति के पूजक : सुखदेव

### आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को बचाने का युवा लें संकल्प : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया कटर माली पड़हा भवन में 10 पड़ाहा समिति के तत्वावधान में शनिवार को करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के अलावा मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्रनाथ भगत और भाजपा नेता रामनारायण भगत मौजूद थे। समारोह में 10 पड़हा के खोड़हा दलों ने करमा पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक भेषभूषा में आदिवासी गीत पर नगाड़ा व मांदर की थाप पर खूब झूमे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खोड़हा दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। सांसद ने कहा कि आदिवासी संस्कृति विश्व की संस्कृति में सर्वोपरि है। आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं, इसलिए विश्व में आदिवासी संस्कृति की पहचान है। वहीं, विधायक ने कहा कि झारखंड की संस्कृति व परंपरा पर हमें गर्व है, जो हमें एक सूत्र में बांध कर रखती है। हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। वहीं, बंधु तिर्की ने कहा कि आज आदिवासी समाज पुरानी परंपरा को भूलती जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आदिवासी समाज को बचाए रखने के लिए एकजुटता की बात कही। आदिवासी समाज को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परंपरा को भी बनाए रखने की जरूरत है। डॉ रविंद्र भगत ने कहा कि करम पर्व हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत है। यह हमें जीवन पथ पर सत्कर्म करने का संदेश और प्रेरणा देती है। वहीं रामनारायण भगत ने कह कि आदिवासियों की जनसंख्या झारखंड में दिन ब दिन कम होती जा रही है। जो एक चिंता का विषय है। पड़हा व्यवस्था की सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक पहचान संरक्षित रहने पर ही आदिवासियों का अस्तित्व कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि पड़हा समाज के पर्वों और सामाजिक सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण करने के लिए हमें आवाज बुलंद करना होगा। सुबोध कुमार लकड़ा ने कहा कि करम पर्व हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ प्रकृति पर्व है, जो हमें अपने पूर्वजों से मिला है। इसे अक्षुण बनाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान सांसद व विधायक ने सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर पड़हा राजा रोहित उरांव, विशाल उरांव दिवान खदी उरांव, विजय उरांव, कुलदीप उरांव, विशु उरांव, विन्नी उरांव, संजय लकड़ा, पुषा उरांव, शिवशंकर तिर्की, मलरु उरांव, माया पहान, विजय पहान, बिरसा पहान, बंधना पहान, गोवर्द्धन पहान, जुरा पहान, गोरा पहान, घूरन पहान, फगुवा पहान, मोहन उरांव, बिरसा तिर्की, सूरज उरांव, सोमा पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड सरकार में नैतिकता ही नहीं बची : सन्नी टोप्पो



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शनिवार को टांगर पंचायत के पूर्व मुखिया मोहन उरांव के भाई की पत्नी आरती केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बताते चलें की 31 जुलाई को साहिबगंज में उत्पाद सिपाही बहाली प्रतियोगिता परीक्षा की दौड़ पूरी करने के बाद आरती गंभीर रूप से बीमार पड़ गयी थी। ईलाज के दौरान ही शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया था। सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस बहाली प्रतियोगिता परीक्षा में अब तक 20 से भी अधिक युवा दम तोड़ चुके हैं, पर राज्य सरकार में संवेदना नाम की कोई भी चीज बाकी नहीं रह गई है। सरकार को तो सिपाही बहाली प्रतियोगिता परीक्षा पर तत्काल रोक लगा देनी चाहिए थी और ठंड के मौसम में पुनः इसकी बहाली लेनी चाहिए थी। पर सरकार केवल नियुक्ति पत्र देने के नाम पर राज्य के युवाओं को ठगने का प्रयास कर रही है। जब सरकार में नैतिकता नाम की कोई चीज ही बाकी नहीं रह गई है, तो इनसे मानवता की क्या उम्मीद की जा सकती है। भाजपा की ओर से मृतका के परिजनों को एक लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर रमेश कुमार सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, हेमंत शाही, अजय मिश्रा, विजय सोनी आदि मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का 10 को मशाल जुलूस और 11 को झारखंड बंद



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैंदान रंगमंच में शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सहिंद्र लकड़ा ने की। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा प्रखंड कमेटी ने निर्णय लिया कि 10 सितंबर की शाम को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वहीं, 11 सितंबर की सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे (12 घंटे) तक संपूर्ण झारखंड बंद का निर्णय लिया गया। बंद से किसान, दूध, मेडिकल को अलग रखा गया है। संगठन के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि जब तक झारखंड राज्य के निर्माता झारखंड आंदोलनकारी की मांग को सरकार अपने संज्ञान में नहीं लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसी कड़ी नें पूरे झारखंड में 11 सितंबर को बंद रहेगा। इस पर भी सरकार की आंखे नहीं खुली तो अनिश्चितकालीन बंद का बिगुल फूंका जाएगा। मौके पर जुगेश उरांव, धनंजय कुमार रॉय, सहिंद्र लकड़ा, पीटर तिर्की, कुंवर मिंज, नीली लकड़ा, सुकी उराइन, भुवनेश्वर साहू, दिनेश ठाकुर, बिरसा उरांव, सुका भगत, जॉन लकड़ा, ननकू मुंडा, जतरु उरांव, क्लीन्द्र लकड़ा, विष्णु भगत, दुर्गा उरांव, गणेश भगत, सामुएल केरकेट्टा, राजमोहन भगत, शनि भगत, अरविंद तिग्गा, आशा तिग्गा, फलिन्दर भगत, प्रभात टोप्पो, लोथिया लकड़ा, जुवेल तिग्गा, लेदा उरांव, एतवा उरांव, राहुल लकड़ा, बैजनाथ उरांव आदि मौजूद थे।

## रातू थाना में 10 को होगी जनसुनवाई

**रातू (आजाद सिपाही)।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर सूबे के थाने में जन सुनवाई शिविर लगाये जा रहे हैं। पीड़ितों से उनकी फरियाद सुनी जा रही और मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समादान भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 सितंबर को रातू थाने में डीएसपी टू अरविंद कुमार लोगों की समस्याएं सुनेंगे। बतातें चलें कि शिविर में जमीन विवाद के छाये रहने की संभावना है। इसके अलावा मारपीट, लेन-देन व धोखाधड़ी जैसे मामले भी सुलझाये जायेंगे। इसका उद्देश्य न्यायालयों में मुकदमें का बोझ को कम करना है। थानेदार रामनारायण सिंह ने लोगों से शिविर में आने और अपनी बातें रखने की अपील की है।

## स्व. खददी उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट जीत बाइक सिटी रानीखटंगा बना चैंपियन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** रानीखटंगा की ही टीम बाइक सिटी ने स्व खददी उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। अमर ज्योति क्लब कुर्गी के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बाइक सिटी रानीखटंगा बनाम मिंज कलेक्शन स्पोर्ट्स इटकी के बीच खेला गया। दोनों टीमें निर्धारित समय के अंत तक कोई गोल नहीं कर सकी। इसके बाद बाइक सिटी रानीखटंगा की टीम ने मिंज कलेक्शन स्पोर्ट्स इटकी को टाईब्रेकर में 5-3 गोल से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व खिलाड़ियों से परिचय के बाद फाइनल मैच का उद्घाटन भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और जिप सदस्य रीणा देवी ने संयुक्त रूप से किया। विजेता टीम को अतिथि सन्नी टोप्पो ने ट्राफी के साथ 6 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया। जबकि उप विजेता टीम को जीप सदस्य रीणा देवी ने 41 हजार रुपये और ट्राफी प्रदान की। तृतीय टीम तिलकसुती और चतुर्थ सौका की टीम को नगद 10-10 हजार रुपये नकद देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द सिरीज बाइक सिटी रानीखटंगा टीम के खिलाड़ी को कप देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में 32 टिमों ने भाग लिया। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें तरासने की जरूरत है। फुटबॉल टूर्नामेंट क्षेत्र में आपसी शौहार्द को बनाये रखने में अहम भूमिका निभाती है। लेकिन दुःख की बात है कि प्रखंडों में एक भी स्टेडियम नहीं है। जहां खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। युवा खेल के माध्यम से अपनी उज्वल भविष्य को बनाएं। इस मौके पर अध्यक्ष अनुज, सचिव सुनील व मुकेश आदि उपस्थित थे।

### पलामू जिला प्रशासन एवं मेदिनीनगर लायंस क्लब की ओर से सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन

# सीपीआर जीवन रक्षक प्रक्रिया, प्रशिक्षण से बढ़ेगा आत्मविश्वास : भोर सिंह यादव

### पलामू में अनुमंडल स्तर पर चलेगा सीपीआर प्रक्रिया को लेकर जागरूकता : डीसी

## कार्डियक अरेस्ट के बाद तत्काल सीपीआर से बचने की संभावना : डॉ फैज

## एक लाख लोगों को दिया जायेगा सीपीआर का प्रशिक्षण : डॉ प्रवीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया है। हृदय की धड़कन रूकने की स्थिति में सीपीआर की प्रक्रिया की जाती है। इसके प्रशिक्षण से लोगों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। प्रशिक्षण से आमजनों में जागरूकता आयेगी, तो वे दूसरों को भी बताएंगे। इससे समाज को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। उक्त बातें भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप विभाग के निदेशक भोर सिंह ने कही। वे शनिवार को पलामू जिला प्रशासन एवं मेदिनीनगर लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में टाउन हॉल में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं लायंस क्लब के सदस्यों को बधाई दी। वहीं, हॉर्टिकल्चर के निदेशक एवं सीपीआर प्रशिक्षक डॉ फैज अहमद ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट के बाद तत्काल सीपीआर से बचने की अत्यधिक संभावना रहती है। कहा कि अत्यधिक कार्डियेक अरेस्ट व्यक्ति के घर में ही होता है। प्रशिक्षण से लोगों में जागरूकता आएगी। इसके बारे में सभी को जानकारी देते हुए लोगों को बचाने का काम करें। वहीं, पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि सीपीआर की जागरूकता के लिए अनुमंडल स्तर पर प्रशिक्षण कराया जाएगा। इसे हर स्तर पर ले जाया जायेगा, ताकि स्वस्थ पलामू का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि हर्ट अटैक की घटना में वृद्धि देखने को मिल रही है। सीपीआर प्रक्रिया से मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में इसकी जागरूकता जरूरी है। विशेषकर युवा पीढ़ी को सीखने-जानने की जरूरत है। मास्टर ट्रेनर बनाकर सभी को प्रशिक्षण दिलाने के प्रयास से समाज को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बचाने के लिए यह तकनीक बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। दूसरी ओर, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति का सांस-दिल की धड़कन रूक जाने की स्थिति में सीपीआर आपातकालीन उपचार है। उन्होंने कहा कि 70 फीसदी कार्डियक अरेस्ट व्यक्ति को घर में ही होता है। सीपीआर प्रक्रिया के माध्यम से चिकित्सक तक पहुंचने में मदद मिलेगी और व्यक्ति की जान बचने की संभावना रहती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करते हुए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह के साथ मिल कर गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा में सीपीआर देने के तरीके के साथ ही बच्चों में सांस रुकने की स्थिति में सीपीआर देने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रक्रिया को अच्छे से समझाने के लिए कई टेबलों पर डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों को सीपीआर देने के तरीके को दिखाते हुए सिखलाया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभय कुमार ने बच्चों में कार्डियेक अरेस्ट होने पर सीपीआर देने की विधि बताया। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने सीपीआर की आम जीवन में उपयोगिता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अक्सर बुजुर्ग, दिल के मरीज या दुर्घटनाओं के शिकार लोग जानकारी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। सीपीआर की ट्रेनिंग से हरेक कीमती जान को समय रहते बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता एवं जान बचाने में इसके महत्व को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने यह प्रण किया है कि आने वाले समय में एक लाख लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। वहीं डॉक्टरों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सीपीआर के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से कार्डियेक अरेस्ट की स्थिति में सीपीआर की प्रक्रिया करते हुए गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पर डीपीआरओ डॉ असीम कुमार, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, रेड क्रॉस सोसायटी के डॉ. सत्यजीत कुमार सहित डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ गौरव विशाल, डॉ रविश कुमार, डॉ अभय कुमार, डॉ उदय सिंह, डॉ अमित, डॉ भास्कर, डॉ निशांत कुमार, डॉ विनीत कुमार, डॉ अभिनव, डॉक्टर सृष्टि गुंजन, लायंस लिली मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सहिया, नर्सिंग कॉलेज-स्कूलों के बच्चे आदि मौजूद थे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी सहित अन्य गणमान्य लोग।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय को मिली यूजीसी से मान्यता : चांसलर

## होम्योपैथी की बीएचएमएस डिग्री के लिए होगा नामांकन



विश्रामपुर आरसीयू सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

### देश की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की समूह में हुआ शामिल, वर्तमान में 150 पाठ्यक्रमों की हो रही पढ़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय को यूजीसी की ओर से गत तीन सितंबर को मान्यता गई है। यूजीसी भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के मानक व गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए स्थापित एक वैधानिक निकाय है। आरसीयू अब देश के उन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के समूह में शामिल हो गया है, जिन्हें यूजीसी से मान्यता प्राप्त है। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने दी। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। आरसीयू को मिले इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए यूजीसी के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल की ओर से भी मान्यता मिल गई है। जिसके तहत एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम की शुरूआत होगा। दोनों पाठ्यक्रम के लिए 20-20 सीटों की स्वीकृति मिल गई है। साथ हीं होम्योपैथी बीएचएमएस डिग्री की भी पढ़ाई होगा। जिसके लिए 60 सीटो पर नामांकन होगी। इसके लिए पाठ्यक्रम की शुरूआत 2024-25 सत्र से प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्तमान समय 150 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के निरंतर उत्थान के लिए प्रयासरत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के सार्थक प्रयास का परिणाम है। इनके अनुभव व योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिलता रहा है। वहीं आरसीयू के वाईस चांसलर प्रोफेसर डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि यूजीसी द्वारा मान्यता मिलने से छात्रों को इसका अधिक लाभ मिलेगा। उनको दी जाने वाली डिग्री अब यूजीसी द्वारा मान्य होगी। जिससे उन्हें देश-विदेश में उच्च शैक्षणिक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। कहा कि वर्तमान समय विश्वविद्यालय में 150 पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की मान्यता हेतू प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी।

Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Strengthening and Infrastructure Developmentof District Institute of Education and Training (DIET) located in different08Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 24.09.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/716/2022/3334 Ranchi, Date : 05.09.2024

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 335087 Jharkhand Education Project Council(24-25).D

# मेदिनीनगर शहर में हो एक गौ मुक्ति धाम का भी निर्माण : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को मेदिनीनगर का एक मात्र गौशाला, बारहलोटा में गाय रखने के लिए कमरे का शिलान्यास किया। कहा कि हम हिंदू गौ को माता का दर्जा देते हैं। उनकी पूजा करते हैं, लेकिन जब माता दूध देना बंद कर देती है तो हम उन्हें निकाल कर सड़क पर छोड़ देते हैं जो दुखद है। मुझे खुशी है कि कम से कम हमारे गौशाला कमेटी के लोग इतने संवेदनशील हैं जो हमारे शहर के रोड पर घूमते भूखे प्यासे गायों को लाकर यथासंभव सेवा देते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज जब मुझ पर कमेटी के लोगों ने आस्था जताई है तो निश्चित रूप से मैं, मेरा परिवार और शहर के गणमान्य लोगों के सहयोग से गौशाला के दिन बहुरेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि जब आज हम सभी लोगों मिलकर गौ माता को अच्छे से रहने के लिए कमरा बनाने का शिलान्यास कर रहे हैं तो गौ माता के अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन से बात कर भूमि आवंटन कराकर शहर के किसी एक किनारे 'गौ मुक्तिधाम' का भी निर्माण मिलकर करें। इस मौके पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष अनिल पांडे, सत्येंद्र पांडे, नरेंद्र मेहता, उदय शुक्ला, विकास तिवारी, भोला पांडे, प्रिया रंजन सिंह, अमेरिका विश्वकर्मा, नवल तुलसियान, सुनील गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने पांकी को आज तक सिर्फ छला : मुमताज खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलाम।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने पांकी विधानसभा के सभी बूथों पर पार्टी के गठन को लेकर निरंतर लगे हुए है। क्षेत्र के सभी गावों में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मनातू प्रखंड के मंझौली पंचायत में बैठक कर कमेटी का गठन किया। इस अवसर पर मुमताज खान और आजाद समाज पार्टी पर अस्था जताते हुए मझौली पंचायत के पूर्व मुखिया सचिंद्रजीत सिंह उर्फ गोपू सिंह अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी में शामिल हो गये। मुमताज अहमद खान ने कहा कि भीम आर्मी पार्टी का पंचायत स्तरीय गठित होने से दलित शोषित पिछड़े एवं उपेक्षित वर्ग के लोगों में विशेष लाभ होगा। पंचायत स्तर पर किसी तरह के मामले पर तत्काल पंचायत कमेटी को सूचना प्रदान करेंगे। इसके बाद जिला एवं राज्य कमेटी इस मामले में संज्ञान लेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में पूर्व विधायक या वर्तमान विधायक मनातू प्रखंड में आज तक जितने भी जन प्रतिनिधि हुए किसी ने गरीब दलित शोषण एवं पिछड़ों को उनका हक अधिकार दिलाने का कार्य नहीं किया। सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गया है। पांकी के पूर्व विधायक की सुरक्षा पर सरकार का करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है जो गलत है। सरकारी नियमों के अनुसार दो अंगरक्षक काफी है फिर भी पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक से भी ज्यादा सुरक्षा बल रखे हुए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के रवैया पर तंज करते हुए कहा कि यहां की पदाधिकारी उर्दू पढ़ने वाले शिक्षक को मुस्लिम बहुल विद्यालय में ना भेज कर हिंदी माध्यम के विद्यालय में भेज देते हैं। मौके पर सुनील उरांव, नागमणि रजक, सुहेल अंसारी, बगेंद्र, गुलशन अंसारी, अफजल खान, ज्योति कुमारी, रोशन कुमार, उपेंद्र आजाद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
दूरभाष सं0:– 9939201624 / 06546291953,e-mail:- dlsahazaribag@gmail.com

विज्ञापन संख्या–DLSA/HZB-01/2024 दिनांक:–06.09.2024

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के पत्रांक 2524 दिनांक 03.09.2024 एवं NALSA Scheme For Para-Legal Volunteers (Revised) & Module for the Orientation–Induction – Refresher Courses For PLV Training के आलोक में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग में पारा लीगल वालन्टियर (PLV) के रूप में कार्य करने हेतु न्यूनतम अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इससे संबंधित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही साथ उक्त विज्ञापन एवं प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

आवेदक अपना स्वहस्तलिखित आवेदन–पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला न्यायधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में "न्याय सदन" जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक 17.09.2024 तक निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं। साथ ही साथ आवेदक उक्त आवेदन–पत्र को दिनांक 17.09.2024 तक कार्यालय अवधि के दौरान अर्थात प्रातः 10:30 बजे से सायः 05:00 बजे तक हाथों–हाथ भी उक्त कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि अर्थात 17.09.2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जॉच कर सही पाए गए आवेदकों की सूची साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान के साथ व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जाएगी। साक्षात्कार की तिथि 20, 21 एवं 22 सितंबर, 2024 निर्धारित है जिसमें आवश्यकता अनुसार परिर्वतन संभव है। अतः आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक/अग्रिम जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय से संपर्क में रहें। किसी भी आवेदक को अलग से साक्षात्कार की सूचना नहीं दी जाएगी एवं ना ही प्रवेश पत्र र्निगत किया जाएगा।

sd/-
प्रधान जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,हजारीबाग

PR 335046 Law(24-25).D

## जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने कई कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि इस भगवान श्री गणेश आपके मार्ग से सभी बाधाओं को दूर करें और आपको उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान करें। मौके पर कक्षा एक से अर्पित मित्तल, काव्या, नंदिनी ने श्री गणेश वंदना किया। इस दौरान बाल गणेश की जीवन लीलाओं पर फिल्म दिखाई गई।

# अपना हक-अधिकार पाने के लिए खुद भी जागरूक हों और दूसरों को भी करें : ब्रह्मदेव



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर कार्यालय में ओबीसी एकता अधिकार मंच की ओर से विश्रामपुर विस की जन समस्याओं के समाधान और एकजुटता को लेकर शनिवार को बैठक की गयी। जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बैठक में ओबीसी समाज के साथ ही एससी और एसटी परिवार के लोग भी मौजूद थे। जिस प्रकार से हमारे समाज के लोगों ने समाज के लिए लड़ते हुए कुर्बानियां दी है। उन्होंने यह नारा दिया है कि 100 में से शोषित 90 है, 90 ने ललकार है 90 भाग हमारा है। उसी के निमित यहां बताया गया कि यहां से जाने के बाद प्रत्येक गांव, बस्ती, मुहल्ले में ओबीसी के हक अधिकार की बातों को रखिए। एससी एसटी परिवार के हक अधिकार की बातों को बताइए और उन्हें राजनैतिक रूप से जागरूक करें। ताकि क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो। हमें मानसिक रूप से और जागरूक होना पड़ेगा।

# पटना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला का प्रतिनिधित्व करेंगे पथरा के मुखिया नरेश

## न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायत पर होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायत विषय पर बिहार के पटना में तीन दिवसीय (10 से 12 सितंबर) राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होने जा रही है, जिसमें झारखंड के आठ मुखिया को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसमें हुसैनाबाद के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान भी शामिल हैं, जो कार्यशाला का प्रतिनिधित्व करेंगे। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ मुखिया व अन्य पंचायत प्रतिनिधि कार्यशाला में शामिल होंगे। उक्त कार्यशाला में झारखंड पंचायती राज के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उधर, अपने चयन पर पथरा के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि वह पल गौरव का होगा, जब मैं राष्ट्रीय कार्यशाला का दूसरी बार प्रतिनिधित्व करूंगा। बताया कि इसके पहले भी पंचायत ऑफ गुड गवर्नेंस विषय पर श्रीनगर में आयोजित कार्यशाला में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था। कहा कि कार्यशाला में बतायी गई जानकारी से क्षेत्र के विकास में बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करूंगा।



मुखिया नरेश पासवान।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 07/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-05.09.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/KODERMA/24/2024-25 | प्रखण्ड कोडरमा अंतर्गत डोइंयाडीह देवी मण्डप से गझण्डी पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड भाया कोनियाआम तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.450 कि0मी0) | 1,37,92,400/- | एक करोड़ सैंतीस लाख बानवे हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 2. | RWD/KODERMA/25/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवा अंतर्गत ग्राम समयडीह से बरदैया तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0) | 1,73,93,800/- | एक करोड़ तिहतर लाख तिरानवे हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 3. | RWD/KODERMA/26/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवां अंतर्गत ग्राम योगीडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र से रंगीनियां तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.800 कि0मी0) | 1,98,17,900/- | एक करोड़ अंठानवे लाख सतरह हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–12.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–23.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–25.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 334965 Rural Work Department(24-25)D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सांसद ढुल्लू महतो, बिरंची नारायण एवं अमर बाउरी ने भगवान गणेश से लिया आशीर्वाद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर चार स्थित सिटी सेंटर में शनिवार को गणेश पूजा पंडाल का शुभारंभ हुआ। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, झारखंड विधानसभा के सचेतक बिरांची नारायण और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पंडाल का उद्घाटन करते हुए भगवान गणेश से आशीर्वाद लिया और क्षेत्र-प्रदेश में सुख-शांति की कामना की।

### बोडिया दक्षिणी पंचायत आजीविका महिला ग्राम संगठन को मिला दो लाख का चेक



**कथारा (आजाद सिपाही)।** बोड़िया दक्षिणी पंचायत भवन में शनिवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजित हुआ। जिसमें बेरमो के बीडीओ मुकेश कुमार, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी अजय कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घासी, बोडिया दक्षिणी पंचायत की मुखिया तरूलता देवी, बोडिया उतरी पंचायत के मुखिया कामेश्वर महतो, जारंगडीह दक्षिणी की मुखिया सुमंती देवी और घनश्याम प्रसाद ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। बेरमो बीडीओ ने जेएसएलपीएस के तहत बोडिया दक्षिणी पंचायत आजीविका महिला ग्राम संगठन को दो लाख रुपये का चेक दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरत के अनुसार सभी विभाग का स्टॉल इस शिविर में लगाया गया है। बाकि जो भी समस्या है उसे यथा संभव निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, अबुआ आवास, पेंशन योजना, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, बैंकिंग सेवा सहित अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें समस्याओं के समाधान के लिए पंचायत के ग्रामीणों की काफी भीड़ रही। इस मौके पर पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, इस्लाम अंसारी, राजेंद्र वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश एवं श्याम आदि उपस्थित रहे।

### सिंदरी युवा अंबेडकर विचार मंच की नयी टीम का गठन, बुधन राम बने अध्यक्ष



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** रोड़ा बांध अंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर युवा अंबेडकर विचार मंच की नई टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोला पासवान ने किया। वहीं, शिवपूजन राम के नेतृत्व में नई टीम का चुनाव हुआ। इस दौरान भोला पासवान, शिव पूजन राम, राजेश पासवान, राजन कुमार चंचल और बलवीर जयदिए उर्फ बिल्लू को संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, बुधन राम को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष जितेंदर शर्मा और प्रकाश कुमार, सचिव रविंद्र प्रसाद, उप सचिव सुभाष बाउरी, संगठन मंत्री मुस्ताक हुसैन, सांस्कृतिक मंत्री विक्रम पासवान और मीडिया प्रभारी गणेश पासवान को बनाया गया है। इस अवसर पर नये अध्यक्ष बुधन राम ने अपनी जिम्मेदारियों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। कहा कि वे ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन को आगे बढ़ाएंगे और समाज के हित में काम करेंगे। दौरान लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी, कांग्रेस के विदेशी सिंह, दिलीप मिश्रा और भाजपा के गणपति बाउरी ने बुधन राम को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भोला तुरी, संजय राम, विकाश कुमार, विशाल कुमार, आकाश कुमार, संतोष श्रीवास्तव, राजकुमार ठाकुर, सोनू कुमार, सुमित वरी, रोहित बाउरी, रीसी बाउरी, अनीश कुमार और सागर शर्मा आदि उपस्थित थे।

# चोरी की घटनाओं का मास्टरमाइंड बादशाह खान सहित 3 गिरफ्तार

## शहर के विभिन्न थानों में बादशाह के खिलाफ दर्ज हैं आधा दर्जन मामले

**चोरी के मोबाइल फोन और आभूषण भी बरामद, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने परेशान-चिंतित पुलिस ने चोरों की धड़ पकड़ अभि.ान तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने चोरी की घटनाओं के मास्टरमाइंड बादशाह खान उर्फ सोनू उर्फ आलम अंसारी सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान रमेश सिंह और मुकेश बाउरी के रूप में हुई है। इसकी जानकारी एसपी पूज्य प्रकाश ने दी। वे शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया। सबसे पहले शुक्रवार को गरगा पुल घाट के पास से बादशाह खान उर्फ सोनू उर्फ आलम अंसारी नामक चोर को गिरफ्तार किया, जो मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। उसके पास से चोरी के कई मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर बोकारो शहर में कई घरों में चोरी करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर भांगा बाजार निवासी रमेश सिंह के घर छापामारी की गयी, जहां से चोरी के आभूषण बरामद किए गए। पुलिस ने रमेश सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। इसी कड़ी में धनबाद के मीना बाजार इलाके से मुकेश बाउरी नामक युवक के पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया गया। एसपी की मानें तो बादशाह खान से पूछताछ के दौरान पर बोकारो सेक्टर-1बी स्थित इस्पात विद्यालय के पास की झाड़ियों से चोरी की दो साइकिलें भी बरामद की गईं। एसपी ने बताया कि विगत तीन सितंबर को सिटी थाना क्षेत्र से एक अन्य आरोपी मुस्कान कुमार को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके अगले ही दिन यानी 4 सितंबर को सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में मंदिर से हुई चोरी का भी खुलासा करते हुए सन्नी लोहरा नामक युवक को गिरफ्तार किया गया था। एसपी ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी। वहीं, छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक संजय कुमार, सुदामा कुमार दास, थाना प्रभारी बीएस सिटी अमरजीत कुमार सिंह और पिंडराजोरा थाना प्रभारी आदि शामिल थे।



संवाददाता सम्मेलन कर आरोपितों की जानकारी देते बोकारो एसपी व अन्य।

### एसडीएम ने बेलदरिया पैच के 500-700 मीटर की परिधि में जारी की निषेधात्मक



**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद के एसडीएम उदय रजक ने बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के तेतुलमारी थाना स्थित बेलदरिया पैच के 500-700 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत अगले आदेश तक निषेधात्मक लागू कर दिया। निषेधाज्ञा जारी होने के बाद उपर्युक्त क्षेत्र में किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, रैली, सभा, ध्वनी विस्तारक यंत्र का उपयोग, हरये हथियार एवं आग्नेयास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पुलिस, कंपनी के पदाधिकारियों, कर्मियो और प्रतिष्ठान के कार्य से आने-जाने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा। इसी प्रकार विद्यार्थियों के शिक्षण संरधान में आने-जाने या अन्य व्यक्तियों के उक्त क्षेत्र से होकर अन्य कार्यों से आने-जाने अथवा उक्त क्षेत्र से शवयात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जानेवाले लोगों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। बतातें चलें कि बेलदरिया पैच में बीसीसीएल के अधीन एसएनआर/सीएनआर (जेवी) नामक आउटसोर्सिंग कंपनी 20 अगस्त को उत्खनन कार्य करने आई थी, जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। इसे लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बन गयी थी। हालांकि पुलिस और सीआईएसएफ की तत्परता से बड़ी घटना को टाल दिया गया था। वहीं, विधि एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तत्कालीक तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी ने धनबाद अनुमंडलाधिकारी को ज्ञापांक 1048/24, देकर निषेधाज्ञा लगाने का अनुरोध किया था।

### गैरमजरुआ जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की, होगी जांच

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चपरी पंचायत अंतर्गत मुंगो ग्राम निवासी निर्मल महतो ने नावाडीह में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीओ अभिषेक कुमार से मुंगो गांव में ही गैर मजरूआ जमीन पर जबरन कब्जा करने की को लिखित शिकायत की है। निर्मल महतो ने बताया कि मुंगो ग्राम के हेमलाल महतो गैर मजरूआ जमीन पर अवैध कब्जा कर गृह निर्माण कर रहा है। चारदिवारी निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने जमीन से संबंधित दस्तावेज पेश करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। इस पर सीओ ने जांच करने व आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। वहीं शिकायतकर्ता को भूःमाफिया हेमलाल महतो और प्रदीप महतो पर उसके घर में घुसकर मारपीट कर पांच हजार रुपए छीन लेने का भी आरोप लगाया है। इस बाबत नावाडीह थाना प्रभारी को एक आवेदन प्रेषित कर न्याय की गुहार लगायी है।

## करगली बाजार व डिगवाडीह में गणेश पूजा की धूम





आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो/डिगवाडीह।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत करगली बाजार स्थित साउथ कॉलोनी में गणेश पूजा की धूम रही। साउथ क्लब की ओर से शनिवार को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा की गयी। पुजारी नंदकिशोर पांडेय और रोशन पांडेय ने मुख्य यजमान के रूप में निवर्तमान वार्ड पार्षद अनिल कुमार, प्रेम रवानी, अपूर्वा राव आदि द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया। वहीं, श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पूजा कर मत्था टेका और क्षेत्र व परिवार की सुख-शांति-स्मृद्धि की कामना की। यहां बेरमो के कई जनप्रतिनिधियों ने भी आकर मत्था टेका और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। संध्या आरती में काफी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि यहां 2007 से लगातार भव्य तरीके से भगवान गणेश जी की पूजा होती आ रही है। लगातार 16 वर्षों से गणेश पूजा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के लेकर आम व खास लोग आते हैं और भगवान गणेश का आशीर्वाद लेते हैं। मौके पर कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह, सचिव मोहन राव, कोषाध्यक्ष डी शिवशंकर राव उर्फ कुल्ला, पूर्व वार्ड पार्षद अनिल साव, रंजीत कुमार, पपाई दा, राजू दास, रवि विक्की, चंदन गुप्ता, लवप्रीत, आनंद, पवन, धनंजय आदि मौजूद थे। उधर, डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान में क्षेत्र का चर्चित गणेश पूजा शनिवार से शुरू हुआ। पूजा पंडाल का उद्घाटन झारखंड के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने किया। इस मौके पर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव, उचित महतो, राजकुमार अग्रवाल, आदि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अमर बाउरी ने भगवान गणेश जी की पूजा की और प्रदेश में सुख शांति की कामना की। कहा कि डिगवाडीह में बेहतर गणेश पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रशासन को पूजा से सफल समापन तक पूरा सहयोग करना चाहिए व लोगों को भी इसके लिए इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। गौरतलब हो कि गणेश पूजा का शुभारंभ वर्ष 1989 में किया गया था। दूसरी ओर, गणेश पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य मेला का उद्घाटन झरिया विधायक पूणिमा नीरज सिंह ने किया है। मेला में मौत का कुआं, झूला, ब्रेक डांस और रेगेन आदि झालू आकर्षण का केंद्र है। वहीं, पूजा कमेटी में शामिल जगजीवन राम, मोहन यादव, डॉ एमके ठाकुर, दिनेश यादव, उत्सव राम, बिहारी राम, गोगा पांडेय, मंटू पांडेय, राजू कुंडू और उज्वल मंडल आदि की भूमिका सराहनीय है। 1

### भारतीय रेडक्रॉस समिति ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा काली मंडप में धनबाद भारतीय रेड क्रॉस समिति के सदस्य डॉक्टर अशोक शर्मा डीएनएचइ, पीजीडीआरडी के आवेदन पर शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अशोक शर्मा ने स्वस्थ रहने की लोगों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों को केले के छिलके खाने के फायदे के बारे में बताएं। महिलाओं को स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने की सलाह दी। इस दौरान करीब 60 महिलाओं का बीएमआई जांच भी किया गया। इनमें से 50 महिलाओं का बीएमआई कम पाया गया। इस पर महिलाओं को अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ का सेवन करने को कहा गया। साथ ही महिलाओं को पैदल चलने पर जोर दिया गया। बीएमआई निकालने में भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के कार्यकारी अध्यक्ष व सह कार्यकारिणी अध्यक्ष का योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने में भुवनेश्वर प्रसाद ,निर्मल कुमार, राधा और सोनी का योगदान सराहनीय रहा।

## हाजरी क्लर्क की पिटाई के मामले ने पकड़ा तूल, प्रदर्शन

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ बोरागढ़ ओपी में की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बोरागढ़ कोलियरी में पंप आपरेटर सह हाजरी प्रभारी क्लर्क संजय यादव और राकोमयू नेता सह जेनरल कलर्क संतोष सिंह के बीच शुक्रवार की रात हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। दोनों पक्षों ने बोरागढ़ कोलियरी में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। बोरागढ़ पुलिस ने दोनों की शिकायत पर अलग-अलग मामला दर्ज कर लिया है। एक पक्ष के पंप आपरेटर संजय यादव ने संतोष सिंह, टुनटुन सिंह, निर्भय सिंह और रंजीत यादव पर मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं, संतोष ने भी संजय यादव के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। दूसरे पक्ष के संतोष सिंह का कहना है कि प्रबंधन पंप आपरेटर संजय यादव को हाजिरी लिपिक का काम करवा रहे है। शुक्रवार की शाम छह बजे मैं अपना ड्यूटी आउट करने कोलियरी पहुंचा तो देखा कि हाजिरी घर में ताला लगा है। फोन करने पर संजय ने बताया कि बोरागढ़ गोलाई में शराब पी रहा है। जब आने को कहा तो गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद कोलियरी परिसर में आते ही मुझे थप्पड़ मार दिया। इसके बाद मेरे जेब से 1500 रुपए निकाल लिये। कहा कि हाल के दिनों में उसके साथ कई कर्मी जमसं व जश्रसं को छोड़ राकोमयू में शामिल हुए है। जिससे विरोधी पक्ष बौखला गए है।

## बेरमो में अस्पतालों का निर्माण केवल ठेकेदारी के लिए हुआ : रवींद्र

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भाजपा फुसरो मंडल कमेटी की बैठक करगली स्थित महिला कल्याण मंडप में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव और संचालन महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने किया। इसमें गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार मिश्रा, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, विधानसभा प्रभारी प्रदीप साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सभी बूथ की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय ने बूथ और वार्ड की बैठक जल्द कराने की बात कही। उन्होंने मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव से सक्रिय होकर सभी बूथों पर हुई बैठक की समीक्षा करने को कहा। आरोप लगाया कि बेरमो में अस्पतालों का निर्माण केवल ठेकेदारी के लिए ही हुआ है। कहा कि बेरमो विस का चुनाव जीतना है तो पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से ही कमर कस लें। 90 दिन का समय बचा है। इस दौरान सभी कमेटियों के साथ बैठक कर उन्हें दुरुस्त करें। केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बतायें। आरोप लगाया कि वर्तमान गठबंधन सरकार लूट में लगी हुई। जिसका साथ कुछ कर प्रशासनिक अधिकारी दे रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि वे सुधर जाएं और अपने कार्य में ईमानदारी लाए। नहीं तो भाजपा की सरकार आते ही उन्हें बख्सा नहीं जाएगा। कहा कि बेरमो को एक अलीबाबा और 40 चोर मिलकर लूट रहे हैं। अस्पतालों का निर्माण केवल ठेकेदारी के लिए किया गया।

### माकपा की बैठक में सम्मेलनों की तारीख तय

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल में बेरमो लोकल कमेटी की बैठक शनिवार को श्याम बिहारी सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम लोकल कमेटी के सचिव मनोज पासवान ने कार्य रिपोर्ट पेश किया। इस दौरान 14 सितंबर को बोकारो थर्मल, 9 को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र शाखा, 12 को जरंगडीह और 19 सितंबर को कंजकिरो शाखा में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जबकि बेरमो लोकल कमेटी का सम्मेलन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया। जिसकी तारीख बाद में तय होगी। इसके पहले 16 सितंबर को स्वागत समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में श्याम बिहारी सिंह दिनकर, मनोज पासवान आदि थे।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बैठाना नहीं, तुरंत लेटा देना चाहिए : डॉ दिनेश

# समाज के प्रति हम सभी की जवाबदेही व जिम्मेवारी है: न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता




दनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यशाला को संबोधित करते न्यायाधीश राकेश रोशन व अन्य गणमान्य लोग।

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर सड़क दुर्घटना से संबंधित विषय पर शनिवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यशाला का उद्घाटन अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, ट्रैफिक थाना प्रभारी मो खुर्शीद आलम, डॉक्टर दिनेश कुमार गिंडोदिया और जिला रोड सेफ्टी मैनेजर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि समाज के प्रति हम सभी की जिम्मेवारी है, जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देना है। अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, अधिवक्ता विप्लव दास ने कहा कि दुर्घटना दावा से संबंधित आवेदन घटना के छह माह के अंदर ट्रिब्यूनल में दायर कर देना चाहिए अन्यथा पीड़ित पक्ष को कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक थाना प्रभारी मो खुर्शीद आलम ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी। जबकि जिला रोड सेफ्टी मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि असावधानी के कारण ही आए दिन दुर्घटना हो रही है। डॉ दिनेश गिंडोरिया ने कहा कि भारत में अब तक 12 लाख लोग सड़क दुर्घटना के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के एक घंटे के अंदर यदि संबंधित व्यक्ति को इलाज मुहैया करा दिया जाए तो उसकी जान बच सकती है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कभी बैठाना नहीं चाहिए, बल्कि उसे तुरंत लेटा देना चाहिए। कार्यशाला में लोक अभियोजक, अवधेश कुमार, अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, डॉक्टर राजीव कुमार, विभिन्न थानों के पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, मेडिएटर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा शैलेन्द्र झा और सुमन पाठक आदि उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग
Ph No : 06546 – 291453 Email – dho.hazaribag@gmail.com

(राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ हेतु आम –सूचना)

राज्यादेश संख्या – 12 दिनांक 17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान परयोजना का लाभ प्रदान किया जाना है। पी0आर0नं0 325963 Agriculture (24-25)D के द्वारा इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/ सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक 29.06.2024 तक ओवदन आमंत्रित किया गया था परंतु भौतिक लक्ष्य के आलोक में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः दिनांक 08.09.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

| क्रम सं0 | Component | Unit | भौतिक लक्ष्य जिला – हजारीबाग | भौतिक लक्ष्य जिला – रामगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Seed Production Vegetable & Spices Open pollinated Crops ( Private sector) | ha. | 5 | - |
| 2 | Lime (4 x4.5) ( Rs 54980/ha) | ha. | - | 3.96 |
| 3 | Sapota ( Rs 45400/ ha) | ha. | - | 4.20 |
| 4 | Guava ( 6mx 6m) (Rs 38340/ha) | ha | 7.62 | 8.62 |
| 5 | Pomegranate ( 5m x 5m) | ha | - | 4.60 |
| 6 | Aomla ( Rs 40008/ha) | ha. | - | 1.60 |
| 7 | Bael ( Rs 48400/ha) | ha. | - | 1.48 |
| 8 | Litchi (Rs 48000/ha) | ha. | - | 0.90 |
| 9 | Plastic Mulching | ha. | - | 48.24 |
| 10 | PHM Eveporative / Low energy cool Chamber (8 MT) | nos. | 2 | - |
| 11 | Marketing infrastructure Static Mobile vending Cart/ Plateform with cool chamber) | nos. | 2 | 2 |

1. जिला उद्यान पदाधिकारी , हजारीबागा / रामगढ़ के द्वारा लाभुकों / कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबागा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकताा है।
5. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
6. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग–सह–रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग/रामगढ़

PR 335095 (Agriculture) 24-25 (D)

# आइटीइआर में आयोजित 24 आॅवर हैकरवार 5.0 में 95 टीमों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर) में हाल ही में आयोजित 24 आवर हैकरवार 5.0 में 95 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 580 छात्र शामिल थे। प्रतियोगिता का आयोजन भविष्य में तकनीकी रूप से दक्ष छात्रों के बीच नवाचार और समस्या समाधान कौशल में सुधार लाने के उद्देश्य से किया जाता है। 31 अगस्त और 1 सितंबर को कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग (सीएसइ) द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम, कोडेक्स क्लब, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन (सोआ सीआइआइ) और अटल इनोवेशन सेंटर-सोआ फाउंडेशन (एआइसी सोआ) द्वारा सह आयोजित किया गया था।

सीएसइ विभाग की प्रमुख प्रोफेसर देवाहुति मिश्र ने कहा कि इस हैकवार 5.0 का मुख्य उद्देश्य छात्रों में शोध के प्रति रुझान और समस्याओं को नवीन तरीके से हल करने की क्षमता को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम द्वारा चयनित छात्रों शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 में भाग ले सकते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगियों ने स्मार्ट ऑटोमेशन, फिटनेस और खेल, विरासत और संस्कृति, मेडटेक/बायोटेक/हेल्थटेक, कृषि, स्मार्ट वाहन, स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी, ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा परियोजनाओं जैसे एसआईएच-2024 विषयों पर काम किया।

प्रो मिश्र ने कहा कि सीएसई विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ दिव्य सुंदर दास के नेतृत्व में 65 संकाय सदस्यों की एक टीम ने इन प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया और शीर्ष 10 टीमों को उनके उच्च स्तर के काम और अनुसंधान के लिए चुना गया। शीर्ष तीन विजेता टीमों सहित सात अतिरिक्त टीमों को जूरी पुरस्कार भी दिये गये। उन्होंने कहा, इनमें से शीर्ष 30 टीमों का चयन शैक्षणिक संस्थान द्वारा अंतिम एसआईएच-2024 में भाग लेने के लिए किया जायेगा। प्रो मिश्र ने इस क्षेत्र में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक, कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद और आइटीइआर के निदेशक प्रो मानस कुमार मल्लिक को धन्यवाद दिया।

# क्योंझर के जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश स्वाइं गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्योंझर जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश स्वाइं को बिजिलेंस ने गिरफ्तार किया। इससे पहले वह भूवनेश्वर झारपड़ा जेल के अधीक्षक थे। आय से अधिक संपत्ति करने के आरोप में विजिलेंस ने शुक्रवार को अधीक्षक के घर पर छापेमारी की। अपनी संपत्ति का हिसाब न दे पाने के कारण विजिलेंस ने सत्य प्रकाश को गिरफ्तार किया है। आय से अधिक संपत्ति करने के आरोप में भुवनेश्वर के विशेष भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधीश द्वारा तलाशी वारंट जारी किया गया था। बाद में क्योंझर जिला जेल और सरकारी आवास, भुवनेश्वर लक्ष्मीसागर थाना गोबिंद प्रसाद का घर, खंडगिरि थाना सिद्दई बिहार के पिता का घर, झारपड़ा सरकारी आवास और भद्रक जिला धुसुरी थाना नरसिंहपुर स्थित घर समेत 7 जगहों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान राजधानी में 4 महंगे प्लॉट, 4 मंजिला इमारत, मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों और डाकघरों में 6 लाख 24 हजार रुपये, 14 लाख 46 हजार का फर्नीचर, 10 लाख के सोने के गहने, एक कार और एक बाइक मिली थी।

# विजिलेंस ने नुआपाड़ा एमवीआइ को पकड़ा, 1.32 लाख बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नुआपाड़ा के एमवीआइ बिजय कुमार बेहुरिया को आज ओडिशा विजिलेंस ने 1.32 लाख रुपये ले जाते हुए पकड़ा। संदेह है कि यह पैसा गलत तरीके से कमाया गया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर कुछ समय पहले, बिजय कुमार बेहुरिया, एमवीआइ, नुआपाड़ा, जिला- नुआपाड़ा को ओड़िशा सतर्कता की एक टीम ने खोरधा अस्पताल स्क्वायर के पास रोका, जब वह एक निजी वाहन रजिस्टर्ड नंबर ओडी-33-एसी-2030 में नुआपाड़ा से भुवनेश्वर जा रहे थे और उनके पास से 1.32 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। उसके पास से बरामद 1.32 लाख रुपये की नकदी को अवैध रूप से अर्जित नकदी माना जा रहा है, जिसे विभिन्न स्रोतों से पीसी के रूप में एकत्र किया गया है। बेहुरिया द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर उनसे नकदी बरामद कर ली गई तथा वाहन भी जब्त कर लिया गया। इस अवरोधन के बाद, डीए एंगल से बेहुरिया के 5 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

# कोकर दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन






## पदाधिकारियों की सूची

**अध्यक्ष :** विकास दास उर्फ दीपक दास

**मुख्य संरक्षक :** श्री चंचल चटर्जी, हरि नारायण सिंह, संजय राय, संजीव विजयवर्गीय, दुर्गा दास, साधन मुंडा, रंजन पासवान, विजय पाठक, शशि शेखर, विवेक कुमार उमेश राय, नीरज शर्मा, पंकज लाल दास, रोशन पासवान

**वरिष्ठ संरक्षक :** श्री युवराज पासवान, अर्जुन यादव, अजय अग्रवाल, रोहित रंजन उर्फ बबलू, मुन्ना जी, शम्मी जी, साकेत राज उर्फ दीपू, अभिनिश सिंह उर्फ मुकुल, नवीन सिंह उर्फ पोली, हितेंद्र सिंह, लोकेश खलखो, अनिल महतो उर्फ टाइगर, वशिष्ठ लाल पासवान

**संरक्षक :** संजय तिर्की, जे पी भल्ला, सुशील केसरी,, सतीश कुमार महतो, शनिचरवा उरांव , संतोष अग्रवाल, सुनील यादव, कन्हैया प्रसाद, अनुज पासवान, मनोज राम, राजा पासवान राम लगन, महतो, पाबो उरांव, आनंद साहू, राजू पॉल एक्का, अनिल महतो, राजेश प्रजापति, पप्पू वर्मा, प्रकाश भगत, शुभम, मुंडा राजू मुंडा, दिनेश मुंडा, विजय मुंडा, महावीर लकड़ा, वीरेंद्र अग्रवाल, विकास सिंह, तुलसी केजरीवाल, कार्तिक वर्मा, संतोष प्रसाद, आलोक मित्र, महेश, साहनी कैलाश राम, सुधांशु कुमार राम, बीरेंद्र प्रसाद, सतीश दास, रमेश दास, राजेश्वर राम, अनिल अग्रवाल, गौतम चटर्जी, प्रदीप सिन्हा, गुड्डू अग्रवाल, कुंदन ठाकुर, उत्तम दुबे, अनिल चौरसिया, संतलाल भगत, अमरनाथ सरकार, अजय भगत, संतोष मांझी, चुन्नू सिंह, बबलू उरांव

**मुख्य संयोजक :** श्री राजू राम, संतोष महतो,

**संयोजक :** श्री संजय राम, छोटू पासवान

**सह संयोजक :** श्री आशीष वर्मा, के के वर्मा, सूरज शर्मा, सन्नी पासवान, पिंटू प्रसाद, विपिन पासवान, नीरज वर्मा, रंजन वर्मा वरीय

**कार्यकारी अध्यक्ष** -श्री दीपक राय, डब्बी प्रकाश कुजूर, नितेश वर्मा, सोनू कुमार सोनी, आदित्य कुमार, धर्मेंद्र पासवान उर्फ दानी प्रवीण पासवान

**कार्यकारी अध्यक्ष :** -श्री अमित राज, शुभम राम,

**महामंत्री :** रूपेश पासवान

**वरीय उपाध्यक्ष :** श्री अशोक सिंह उर्फ अमीन, कुमार कौशल उर्फ गांधी, विक्की सिंह, पिंटू पासवान सतनाम सिंह, विवेक अग्रवाल, पंकज लाल, नितेंद्र बसु, सूरज दास, विशाल पासवान, प्रमोद पासवान, अविनाश राउत, बबलू राव, नवीन वर्मा, दीपक पासवान, मुकेश राम, बबलू पासवान, शिव राम, बंकिम दास, बिपिन कुमार पासवान, मुकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार, संतोष कुमार राम, विक्की पासवान, निरंजन शर्मा, राज कुमार, रौनक महर्षि, चेतन अग्रवाल, सौरभ राय चौधरी, राजीव यादव, रोहित कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार, पवन सिंह, रवि कुमार श्रवण शर्मा, विपिन कुमार, अभीनुज शर्मा, रवि कुमार, क्रमानंद शर्मा, समीर लाल, मनीष लाल, विक्की वर्मा, जय कुमार बड़ाईक, रुद्र रंजीत, अमित कुमार घोष, रोशन पासवान, अंकित सोनी, मुकेश झा, अमित चौरसिया, पवन अग्रवाल

**उपाध्यक्ष:** सूरज सिंह, -श्री आकाश विद्यार्थी, धीरज शर्मा, सूरज राम, गौरव रंजन, विक्रांत राम, अभिषेक ब्रनवाल, सुमित सिंह, सागर राम, विकास सोनी, ऋषि (मोनू), अमन राज, सौरभ सिंह, शन्नी राज, विक्रम वर्मा, निखिल कुमार, रुद्रा रंजीत ,मनोहर कुमार, राहुल पासवान, अविनाश गुड्डू (बंटी) कुमार, आशीष कुमार, विकास सिंह, पीतांबर कुमार, बिट्टू शर्मा, प्रदीप राय, शुभम (बिट्टू), प्रिंस पांडे, प्रसून कुमार, अमित पासवान, मोनू दास, मनीष दास, राज दास, टिंकू राम, प्रदीप कुमार सिंह, परमीत राज पासवान, अमन पासवान, विकेश सिंह, सागर कुमार, पिंटू कुमार, शुभम कुमार, सोनू कुमार, अनिरुद्ध कुमार, किरण पासवान, राही कुमार, सौरभ कुमार, गौरव कुमार, रोहित कुमार, बिट्टू पासवान, शुभम सिंह, अमन कुमार, आकाश, पासवान आयुष कुमार, राजा विवान, राम सिंह, अमरदीप कुमार, अमर गुप्ता, आकाश शर्मा, शुभम पासवान, गौतम पासवान, पिंटू राम, वैभव कुमार, अंशु कुमार, रौनक कुमार, आशीष कुमार, कुणाल, शंकर राम, अभिनव सिंह, विशाल सिंह, रिक्की सिंह, अनिरुद्ध पासवान, राजा कुमार, राजू कुमार राम, गौतम कुमार, प्रधान प्रधान महासचिव-श्री सूरज कुमार पासवान, कुशवाहा ललित महतो, दीपू पासवान दिलीप सिंह

**महासचिव :** बंटी पासवान, चंदन राय, शिव पासवान, बालेश्वर पासवान उर्फ मुन्ना, गणेश पासवान, बाबला राम, अरुण राम, राज कुमार पासवान, सुशील विश्वकर्मा, प्रकाश राम, अमित पासवान (गुड्डन), विवेक जयसवाल, सागर पासवान, पप्पू पासवान, आशीष रंजन, रवि लकड़ा (रंजू), दिलीप सिंह ,बबलू राम विनोद रजक, संदीप राम, संतोष राम राजेश पासवान ,नंदू पासवान ,बसंत पासवान, आशीष राम ,सतीश भारती जितेंद्र बसु, बिठुन जी, जयप्रकाश पासवान, राजा पासवान, दीपक पासवान, कुंदन राय, राकेश सिंह, अरविंद सिंह रोशन पासवान कंचन मुंडा, जितेंद्र बास

**वरीय मुख्यसंग्रक्ष :** श्री चंचल चटर्जी

**वरीय उपाध्यक्ष :** श्री अविनाश राज (बाउवा), सोनू सिंह, विक्रम पासवान,

**सचिव-** प्रेमचंद पासवान (चिंटू) सह सचिव-रोहित लकड़ा ,मंटू स्वांसी विनोद लकड़ा, नीरज कुमार ,संजय पासवान, चंदन कुमार पासवान, अभिषेक पासवान ,कुलदीप कुमार, विक्रम पासवान उर्फ विक्की, अरविंद पासवान ,सरगम चटर्जी, गुड्डू सोनी सूरज चौधरी, सोनू चौधरी, रतन शाह छोटू पंडित, सुमित सिंह, कैलाश पंडित रोहित सिंह, सोनमूल चटर्जी पिंटू पासवान, दिलीप यादव, छोटू यादव कमलेश यादव, मनोज प्रसाद निशांत कुमार, मयंक पाठक, चंदन शर्मा आकाश सिंह, अमित सिंह, बिट्टू सिंह नेहाल, सौरभ कुमार ,बिट्टू कुमार, सौरभ राम

**कोषाध्यक्ष :** विशाल कुमार राम

**सह कोषाध्यक्ष:** प्रेम पांड

**मीडिया प्रभारी :** रोहित सिंह (छोटू) दिलीप सिंह शिवराम (छोटू) संजीव सिंह विद्युत सज्जा

**प्रभारी :** संगम कुमार ऋषभ कुमार कालेश्वर कुमार अमित कुमार सूर्या कुमार यश कुमार छोटू कुमार शंकर कुमार विवेक आर्य सुजल अमन आकाश सोहन विष्णु कुलदीप वीर हर्षित पासवान पीयूष कुमार

**महिला सदस्य :** -मीना देवी ,रत्ना देवी अर्चना शर्मा, मंजू देवी ,बीना देवी

**सदस्य :** रवि सागर, विनोद शर्मा चंदन शर्मा, प्रिंस वर्मा, गोलू कुमार श्यामल तिवारी, दिनेश कुमार सोनी, पंकज कुमार वीर, जीतेश यादव, सागर, सूरज कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, विशाल चौधरी, नकुल पासवान, विशाल कुमार साहू ,किंशु उपाध्याय, हर्ष पासवान, नितेश पासवान, रवि पासवान, देव कुमार पासवान, मंगल तिवारी, हिमांशु राय दुर्गेश झा, प्रथम आनंद , मणिकांत पाठक, अभिजीत यादव, समीर सिंह मनीष कुमार पांडे, अमित कुमार राम बंटी, अरविंद कुमार पांडे,

**मीडिया प्रभारीः** दिलीप सिंह एवं रोहित सिंह

# वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा का आपातकालीन मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** झारसुगुड़ा भारत के सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादक वेदांत एल्यूमीनियम ने झारसुगुडा में अपने एल्यूमीनियम संयंत्र में एक व्यापक ऑन-साइट आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अभ्यास ने ट्रांसफॉर्मर की आग और बाद में बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया। मॉक ड्रिल की देखरेख स्वरूप जेना कारखानों और बॉयलरों के उप निदेशक-संबलपुर प्रभाग और अर्चना दास कारखानों और बॉयलरों की सहायक निदेशक झारसुगुड़ा और सुशांत मिश्र ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) के साथ-साथ जेएसडब्ल्यू और टीआरएल जैसे पारस्परिक सहायता भागीदार संयंत्रों के अधिकारियों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

सुनील गुप्ता सीओओ - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का सफल समापन सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी समर्पित टीम की त्वरित प्रतिक्रिया और ड्रिल का प्रभावी निष्पादन हमारे कार्यबल की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है। हम अपने साझेदारों द्वारा प्रदान की गयी बहुमूल्य प्रतिक्रिया के लिए आभारी हैं और अपनी सुरक्षा तैयारियों को और मजबूत करने के लिए इन जानकारियों को एकीकृत करना जारी रखेंगे।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**